b>

**14.06 ½ hrs.**

**Title: Regarding atrocities on Dalits.**

**MR. SPEAKER: We will take up an important discussion regarding atrocities on dalits. There are two names − Shri Ramji Lal Suman and Shri Ram Vilas Paswan.**

**Shri Ramji Lal Suman may please initiate.**

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद प्रकट करता हूं कि आज आपने देश में दलितों पर हो रहे अत्याचार पर चर्चा कराए जाने की व्यवस्था दी। एक लम्बे अर्से से दलितों पर हो रहे अत्याचार पर सदन में चर्चा नहीं हुई।

आपको स्मरण होगा कि पिछले सत्र के दौरान जब श्री प्रमोद महाजन संसदीय कार्य मंत्री थे, उन्होंने आपसे वार्ता करके यह सुनिश्चित किया था कि राट्रपति जी के अभिभााण पर चर्चा के तत्काल बाद दलितों पर अत्याचार के सवाल पर चर्चा करायी जाएगी लेकिन यहां प्राथमिकताएं कुछ और भी रहीं। मैं समझता हूं कि वे प्र ाथमिकताएं कम नहीं थीं। इसलिए आज हम इस पर चर्चा कर रहे हैं।

आजादी के 52-53 वर्ा बाद भी दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं जो अत्यधिक चिन्ता और लज्जा का विाय है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता, जिस दिन दलित अत्याचार की कोई न कोई खबर किसी समाचार पत्र में प्राथमिकता के साथ न आती हो। डरबन सम्मेलन के पूर्व और बाद में हमारी सरकार और समाज ने ऐलान कर दिया कि अस्पृश्यता नाम की कोई चीज हमारे देश में नहीं है और वह समाप्त हो गई है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम हमारे देश में है। मेरे कहने का मतलब यह है कि कानून के जरिए किसी समस्या का अंत नहीं हो सकता है। यहां सवाल हमारी मनोवृत्ति का है, हमारी सोच का है, हमारे संस्कारों का है, हमारी जहनियत का है, हमारे तौर-तरीकों का है। आज जो कुछ पूरे देश में हो रहा है, उसके पीछे हमारी मनोवृत्ति है। कुछ लोग अभी भी अपनी मनोवृत्ति से समझौता करने के लिए तैयार नहीं है और बदलते संदर्भ में नये सिरे से सोचने के लिये तैयार नहीं हैं। यही कारण है कि आज दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं। जहां तक आंकड़ों का सवाल है, राज आंकड़ों से नहीं चलता। पं. जवाहर लाल नेहरू के जमाने से लेकर भारत सरकार और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री डा. सम्पूर्णानन्द के जमाने से लेकर उ. प्र. की हर राज्य सरकार अपनी उपलब्धियों के बारे में बखान करती रही है। आंकड़ों के आधार पर कोई प्रधान मंत्री या मुख्यमंत्री यह साबित कर देगा कि उन से बढ़कर अच्छी सरकार किसी ने नहीं चलाई। सरकार के बारे में तो जनता ही जानती है कि वह किस प्रकार चल रही है। एक आम आदमी जो उसके बारे में सोचता है, उसके बारे में भाा बोलता है। यही वह पैमाना है जिसके जरिये सरकार के बारे में सोचा जा सकता है। आज वही काम इस देश में हो रहा है। दलितों पर अत्याचार होने की घटनायें बढ़ रही हैं। मैंने और हमारे वरिठ सहयोगी श्री राम विलास पासवान जी ने झज्जर में गत दिनों जो हुआâ€¦ (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक नहीं। इन लोगों को पूरी बात कहने का मौका मिलेगा, पहले मेरी बात सुनें। मैं दूसरी बात कह रहा हूं कि वहां जो कुछ हुआ, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं उस बात का उल्लेख इसलिये करना चाहता था कि जब 9 दिसम्बर को सरकार की ओर से गृह मंत्री जी ने बयान दिया तो कहा कि दलितों पर होने वाले अत्याचार की घटनाओं में कमी आई है जबकि 29 नवम्बर को इसी सदन में सामाजिक अधिकारिता विभाग के मंत्री ने कहा कि राट्रीय अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार दलितों पर होने वाले अत्याचारों की घटनायें बढ़ रही हैं। अध्यक्ष महोदय, एक ही सरकार के दो मंत्रियों के बयानों में इस प्रकार का विरोधाभास हो- एक मंत्री कहता है कि दलितों पर होने वाले अत्याचारों में कमी आई है, दूसरा कहता है कि दलितों पर होने वाले अत्याचारों में बढ़ोत्तरी हो रही है, मैं समझता हूं कि यह चिन्ता का विाय है। सरकार की दिलचस्पी इस ओर नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, यहां झज्जर के सवाल का जिक्र किया गया। सवाल इस बात का नहीं कि यह घटना झज्जर में हुई या किसी दूसरी जगह हुई लेकिन इन घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। यद्यपि मैं झज्जर के बारे में कुछ कहना नहीं चाहता लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि जब राज्य की परिकल्पना की गई, राज्य क्यों बना, राज्य के बनने की क्या आवधारणा थी, उसके पीछे एक यही उद्देश्य था कि कोई किसी की सम्पति न लूटे, न जान ले, समाज में अराजकता न फैले, इसलिये हमने समाज को नियंत्रित करने के लिये इस तंत्र को विकसित किया। झज्जर में जो कुछ हुआ, पुलिस चौकी या थाने के सामने आम आदमी को जबरन मार डाला गया और पुलिस मौके पर मूकदर्शक बनी रही। अगर प्रशासन की शक्ति का इस्तेमाल किया होता, आंसू गैस छोड़ी गई होती, हवाई फायरिंग हुई होती तो स्थिति बदल सकती थी। झज्जर की घटना कोई मामूली घटना नहीं थी। जिस तरह से 5 लोगों को मार दिया गया, वह गंभीर सवाल है। दिनांक 9 दिसम्बर को भारत के गृह मंत्री जी ने झज्जर के संबंध में जो बयान दिया, उसका सत्यता से कोई संबंध नहीं है।

सिर्फ एक हवा बांधी गई, गोकशी के नाम पर एक गलत खबर फैलाई गई। जब हरियाणा के मुख्य मंत्री जी ने कहा कि जिस गोकशी की बात की जा रही है, उसकी स्वाभाविक मौत हुई थी और उस स्वाभाविक मौत का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। â€¦ (व्यवधान)

**कैप्टन (सेवानिवृत्त) इन्द्र सिंह (रोहतक) :** आप तथ्यों को तोड़-मरोड़कर गलत ढंग से पेश कर रहे हैं। वहां दलित और गैर दलित का कोई सवाल नहीं था। आप सिर्फ वोट की राजनीति के लिए ऐसा कर रहे हैं। वहां जो घटना घटी वह अकस्मात थी।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** यदि गलत हो तो आप अपने भााण में कहिये।

**श्री रामजीलाल सुमन** : अध्यक्ष महोदय, इस तरह से मेरा बोलना मुश्किल हो जायेगा। मैं आपका संरक्षण चाहता हूं।

**अध्यक्ष महोदय** : इसलिए मैं उन्हें कह रहा हूं कि आपको जो कुछ कहना है वह अपने भााण के समय कहिये।

**श्री रामजीलाल सुमन** : अध्यक्ष महोदय, जो कुछ हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं इसका जिक्र इसलिए कर रहा हूं कि जिन लोगों के जिम्मे हमारे संरक्षण का काम है। पुलिस का काम हम लोगों को संरक्षण देना है। लेकिन अगर वहां पुलिस चौकी से खींचकर लोगों को पुलिस चौकी के सामने जलाकर मारा डाला जाए तो मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा गंभीर घटना कोई दूसरी नहीं हो सकती है।

जहां तक दलित अत्याचारों का सवाल है, दलितों की समस्याओं के लिए हमने अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग बनाया। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि उस आयोग की रिपोर्ट पर सदन में कभी चर्चा नहीं होती। काफी परिश्रम के बाद वह रिपोर्ट बनाई जाती है। लेकिन हम लोग चर्चा नहीं करते। वर्ा 1998-1999 की रिपोर्ट सभा पटल पर रख दी गई है। लेकिन वर्ा 2000 की छठवीं रिपोर्ट राट्रपति जी के पास पहुंचा दी गई है, लेकिन सदन के सभा पटल पर नहीं रखी गई है। मेरा आपसे आग्रह है कि आगे आने वाले समय में इस रिपोर्ट पर चर्चा जरूर होनी चाहिए। जब तक अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा नहीं होगी, तब तक मैं नहीं समझता कि दलित कल्याण एवम् जनकल्याण के कोई अच्छे परिणाम हम लोग निकाल पायेंगे। जहां तक दलितों पर अत्याचारों का सवाल है, वर्ा 2000 के आंकड़े मेरे पास हैं। वर्ा 2000 में महाराट्र में 9067, राजस्थान में 8247, कर्नाटक में 5923, उड़ीसा में 5887, तमिलनाडु में 2921, केरल में 2186 और उत्तर प्रदेश में 77963 दलितों पर अत्याचार हुए। उत्तर प्रदेश में 77963 अपराध पंजीकृत हुए। दलितों के ऊपर होने वाले अत्याचारों में अगर कोई अव्वल प्रदेश है तो वह

उत्तर प्रदेश है। सवाल यह महत्वपूर्ण नहीं है कि हमारी जाति क्या है, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि हम सोचते क्या हैं। हमारा काम करने का तरीका क्या है। लोगों का लक्ष्य सिर्फ सरकार चलाना है, मैंने आपसे पहले भी निवेदन किया था कि सरकार कितनी चली है, यह महत्वपूर्ण नहीं है, जितने भी दिन सरकार चली है, उस सरकार ने जनकल्याण के कार्य किये हैं या नहीं किये हैं, यह महत्वपूर्ण है। सरकार चार दिन चले या 40 दिन, लेकिन सरकार चलने की दिशा सार्थक होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश में एक सूत्री कार्यक्रम है कि किसी तरह से सरकार चलनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, दसवीं पंचवर्षीय योजना का जो प्रारूप बना है, मैं उसके सिलसिले मैं कहना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश में जो अपराध पंजीकृत हुए हैं, उनमें सिर्फ 39 प्र ।तिशत पंजीकृत अपराधों की जांच हुई है, शो अपराधों की जांच नहीं हुई है और उत्तर प्रदेश में जो वर्ा 2000 में 77963 अपराध पंजीकृत हुए हैं, उनमें सिर्फ 3660 केसिज का सिर्फ निस्तारण हुआ है।

592 केसेज़ में सिर्फ सज़ा हुई और 3068 केस कोर्ट से बरी हुए। दलितों पर अत्याचार होने से संबंधित मामलों को निपटाने की यह दर है। कुल मिलाकर स्थिति ठीक नहीं है। मैं समझता हूँ कि यह किसी एक दल का सवाल नहीं है। इन सब सवालों पर हमें गंभीरता से विचार करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, मैंने अभी हरियाणा का ज़िक्र किया। न सिर्फ हरियाणा, बल्कि हर जगह से दलितों पर अत्याचार के समाचार आते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर से 60 किलोमीटर की दूरी पर फागी तहसील में चकबारा में तालाब में नहाने के सवाल पर दलितों पर अत्याचार हुआ। 5 सितम्बर 2002 को तमिलनाडु के जिला डिंडिगुल के गांव कोण्डमपट्टी के शंकर दलित को पेशाब पीने के लिए मजबूर किया गया। आज ही समाचार छपा है जनसत्ता में कि मुरैना जिले के कचनौदा गांव में 16 र्वाय किशोरी को अकेला पाकर उसके साथ बलात्कार किया गया और जब उसके परिवार के लोग थाने में अपराध दर्ज करा आए तो उन्हें धौंस दी गई कि तुमने अपराध दर्ज कराकर ठीक नहीं किया। उसके बाद मुल्ज़िम के बाप ने उस लड़की को अकेला पाकर उसकी हत्या कर दी जिसने बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया था। मैंने उत्तर प्रदेश का ज़िक्र खास तौर से आपसे किया। 8 दिसम्बर को अंबेडकर इंटर कालेज मेरठ में हिन्दू आतंकवाद विरोधी रैली का आयोजन था। पंडाल लगा हुआ था और लोग अपनी बात कहना चाहते थे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नौजवान यहां से वहां गए। इन लोगों ने पंडाल तोड़ा, माइक तोड़ा और बाबा अंबेडकर तथा महर्िा वाल्मीकि की तस्वीर फाड़ दी। वहां जाकर उत्पात मचाया। सबसे पहले पुलिस ने जब देखा कि इनका व्यवहार ठीक नहीं है तो भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को खदेड दिया लेकिन बाद में सरकार के दबाव में, सरकार के एक मंत्री के कहने पर जो बेगुनाह और बेकुसूर लोग थे, जो शांति से अपनी बात कहना चाहते थे, उन्हीं लोगों के खिलाफ देशद्रोह से लेकर कोई संगीन अपराध ऐसा नहीं बचा जो दलितों के खिलाफ दर्ज न हुआ हो।

**14.22 hrs.** ( Mr. Deputy Speaker in the Chair)

उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत गंभीर मामला है। उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री के क्षेत्र में एक दलित महिला अंजु के साथ बलात्कार हुआ। उसमें दो मुल्ज़िम थे। एक मुल्ज़िम को जेल भेज दिया गया और जो दूसरा मुल्ज़िम था कृपाल सिंह, उसको इसलिए जेल नहीं भेजा गया कि वह बसपा के जिलाध्यक्ष का भाई था। तीन-चार महीने हो गए लेकिन वह सत्तारूढ़ दल की पार्टी के जिलाध्यक्ष का भाई है इसलिए उसके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। 5 सितम्बर, 2002 को हरौड़ा विधान सभा क्षेत्र के गंगलहेड़ी थाना के गांव रसूलपुर में बलात्कार हुआ। कोई कार्रवाई नहीं हुई। बड़ौत बागपत में दलितों की 30 बीघा गन्ने की फसल और झोपड़ियां फूंक डालीं। यह 7 नवंबर की घटना समाचार-पत्रों में छपी है। मेरठ के हर्दा गांव के दलितों के पट्टों पर ज़बरन कब्ज़ा कर लिया गया मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उत्तर प्रदेश में जंगल राज चल रहा है। नौएडा में 24 अगस्त की घटना है। दनकौर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में 1 अगस्त को श्यामी की पत्नी श्रीमती राजन देवी के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। कोई कार्रवाई नहीं हुई और रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई।

उपाध्यक्ष महोदय ये घटनाएं निरन्तर हो रही हैं। दिनांक 08-11-2002 को मुजफ्फरनगर में पुगाना थाना क्षेत्र के गांव डूंगरपुर में ऋिपाल की सुपुत्री कमला की फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। पुलिस में रिपोर्ट लिखाई गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। बालिका के साथ बलात्कार होने की पुटि हुई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है, राट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस फर्जी मुठभेड़ करने में भी सबसे आगे है। सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश पुलिस पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस इंसान बने। आज उत्तर प्रदेश के दलित अपने को सबसे अधिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहां की मुख्य मंत्री का केवल एक सूत्रीय कार्यक्रम सरकार चलाना है जिसके कारण वहां दलितों की घोर उपेक्षा हो रही है। उनके साथ कोई न्याय नहीं हो रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी मार्फत एक निवेदन और करना चाहूंगा कि जब इस सदन में धर्म परिवर्तन का प्रश्न आता है, तो बड़ा हल्ला होता है, लेकिन मैं अपने मित्रों से यह पूछना चाहूंगा कि धर्म परिवर्तन के मूल में क्या है, पहले इसको जानिए। कल, परसों विनय कटियार जी यहां बैठे हुए थे, आज नहीं हैं, वे अम्बेडकर को पढ़ रहे थे। मायावती के खिलाफ जब कभी कोई बयान देना होता है, तो वे अम्बेडकर के ही माम का उल्लेख करते हैं, यह बात अलग है कि जब वाजपेयी जी डांट देते हैं, तो दुबारा बयान देने की हिम्मत नहीं करते, उन्होंने कभी यह जानने की कोशिश नहीं की कि जनता धर्म-परिवर्तन क्यों करती है। यह वर्ण-व्यवस्था, यह छुआछूत और यह सामाजिक विामता, â€¦ (व्यवधान)

श्री दिग्विजय सिंह जी, स्वामी दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द और महात्मा गांधी जी ने कहा था कि यदि हिन्दू धर्म, समानता का धर्म नहीं बन सकता है, तो मैं चाहूंगा कि यह धर्म नट हो जाए। आज जो कुछ हो रहा है और आरोप लग रहे हैं कि धर्म-परिवर्तन हो रहा है, मिशनरीज धर्म-परिवर्तन करा रही हैं। कभी आपने अपने आप से पूछा कि आपका व्यवहार कैसा है, आप क्या कर रहे हैं ?

उपाध्यक्ष जी, मुझे हरियाणा के माननीय सांसद माफ करें, मैं एक प्रार्थना करना चाहूंगा कि क्या कभी आपने झज्झर में जब पांच दलित मारे गए, तो विश्व हिन्दू परिाद्, आर.एस.एस. और बजरंग दल के लोग जश्न क्यों मनाते हैं और यह क्यों कहते हैं कि हम उन लोगों को पुरस्कृत करेंगे जिन्होंने पांच दलितों को मारा है। â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामचन्द्र बैंदा (फरीदाबाद) :** उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य बिलकुल गलत बोल रहे हैं। न आर.एस.एस. और न विश्व हिन्दू परिाद्, किसी ने कोई जश्न नहीं मनाया। माननीय सदस्य को इस प्रकार की गलत बात कहने से रोका जाना चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चीखलीया) :** उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को ऐसी गलत इन्फर्मेशन हाउस में नहीं देनी चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** रामजी लाल सुमन जी, यह बहुत गम्भीर मामला है। आप इस विाय में कंट्रोवर्सी मत लाइए। आप सब्जैक्ट पर बोलिए।

**श्री रामजीलाल सुमन** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं स्वयं कह रहा हूं कि यह बहुत गम्भीर मामला है। यह समाचार सभी समाचारपत्रों में छपा है कि वहां जश्न मनाए गए, जो कातिल थे, उनको बचाने का काम किया गया और यह कहा गया कि हम उनको पुरस्कृत करेंगे, उनको शाबाशी देंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, ईसाई के मरने के बाद, दलित के मरने के बाद, यदि जश्न मनाया जाएगा, खुशी मनाई जाएगी, तो इस देश में धर्म-परिवर्तन होने से कोई माई का

लाल नहीं रोक सकता। यह कुछ लोगों के कुकर्मों का फल है। इसके अलावा कोई दूसरा कारण नहीं है। यह हालत हमारे देश में है और मुझे माफ करेंगे, उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री, मायावती के क्षेत्र हरोड़ा में 30 दलित परिवारों ने धर्म-परिवर्तन कर लिया है। और पूरे देश में यह सिलसिला चल रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, यह केवल मान-सम्मान का मामला है। आज का दलित 200 साल पुराना दलित नहीं है। उसने रूस और फ्रांस की क्रान्ति पढ़ी हैं। आज का नौज वान उस माहौल में रहने के लिए तैयार नहीं है। वह आज समाज में बदलाव देख रहा है। आज समाज में दो प्रवत्तियां पनप रही हैं। एक तो दलित में स्वाभिमान से जीने का मादा पैदा हुआ है। वे उस पुराने माहौल में रहने के लिए तैयार नहीं हैं और यह जो हमारी सामन्ती मनोवृत्ति है, वह चाहती है कि उन्हें उसी हाल में रहना चाहिए जिस हालत में कभी उनके पूर्वज रहते थे। यही वजह है कि आज जगह-जगह धर्म-परिवर्तन की सूचनाएं अखबारों में आती रहती हैं।

महोदय, आरक्षण के सवाल पर यहां कई बार चर्चा हुई है। हमारे मित्र राट्रपाल जी यहां बैठे हुए हैं। 21 मार्च, 2003 को राज्य सभा में एक सवाल हुआ कि आजादी के बाद, जब से यह संविधान बना है और आरक्षण की व्यवस्था हुई है, इसकी सरकार ने समीक्षा की है कि इस आरक्षण से अनुसूचित जाति एवं जनजाति को लाभ हुआ है, उसकी समीक्षा हुई है। सरकार का जवाब था कि उनके पास इस प्रकार का कोई आंकलन, लेखा-जोखा अथवा मूल्यांकन नहीं है। यह सरकार आरक्षण के सवाल पर कितनी गंभीर है। इस संसद से तमाम कानून पास हो जाते हैं। महोदय, दलितों का आरक्षण में प्रोन्नति का सवाल है और यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। वे छोटी तकनीकों की कमी की वजह से सुप्रीम कोर्ट में चले जाते हैं और मामला लटक जाता है। हमने कई बार निवेदन किया कि कानून मंत्रालय, कार्मिक मंत्रालय, गृह मंत्रालय तथा और भी संबंधित मंत्रालय हो सकते हैं, उनकी एक कमेटी बन जाए ताकि जो विभिन्न अदालतों में दलितों से संबंधित मामलें लम्बित हैं, वह उनकी पैरवी करने का काम करे। जब तक सरकार उनकी मजबूती के साथ पैरवी नहीं करेगी तब तक वे मामले जहां के तहां पड़ेंगे और दलितों को इंसाफ नहीं मिल सकता। हमारे बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी आज तक सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की। जब तक सरकार पहल नहीं करेगी तो इसका मतलब सीधा यह माना जाएगा कि दलितों को इंसाफ मिले, उन्हें आरक्षण में प्रोन्नति मिले, इस मामले में सरकार गंभीर नहीं है। जहां तक आरक्षण का सवाल है, हम लोग विनिवेश पर चर्चा करते हैं। विनिवेश से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले वर्ग अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग हैं। निजी हाथों में उद्योग, उपक्रम जाने के बाद वे तय करेंगे कि किसे रोजगार में रखना है, किसे नहीं रखना है। बजाए दलितों को रोजगार देने के, यह विस्तृत तौर से आरक्षण समाप्त करने और लोगों को निकालने की साजिश हो रही है।

महोदय, वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भााण में जिक्र किया कि जो वीआरएस लेंगे, उन्हें पांच लाख रुपए देंगे और उस पर कोई आयकर नहीं होगा। उसका सीधा मतलब वीआरएस के प्रति लोगों को आकर्िात करना था, कि नौकरी छोड़ो और अपना कोई काम करो, आरक्षण के सवाल पर सरकार गंभीर नहीं है। विनिवेश से आरक्षण बुरी तरह प्रभावित होने वाला है। उसमें भी रोना यह है कि जो घाटे के उपक्रम हैं, उपाध्यक्ष महोदय, मुझे माफ करेंगे, वे रुपए की वजह से घाटे में नहीं हैं।â€¦ (व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** हरिजनों पर जुल्म हुए, उन पर आप बोलिए।â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन :** यह विनिवेश भी दलितों पर जुल्म ही है। प्रभुनाथ जी, तुम्हारे ऊपर जुल्म कम है, दलितों पर ज्यादा है। सबसे पहले छंटनी उन्हीं की होगी, तुम तो कुछ न कुछ होशियारी कर लोगे। आप जैसे आदमी जहां रहेंगे वहां अपना काम ठीक कर लेंगे।

महोदय, विनिवेश से भी दलित वर्ग का सबसे ज्यादा अहित होने वाला है। इस बार का जो बजट चार लाख, 38,795 करोड़ का है, उसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति की जो आबादी है, उस दृटि से जो आबंटन होना चाहिए, वह नहीं हुआ है। देखने में आता है कि भारत सरकार जो दौलत राज्य सरकारों को दलितों और गरीबों के नाम पर भेजती है, उसका सही इस्तेमाल नहीं होता, वह दूसरी मदों पर खर्च हो जाता है, उसका कहीं प्रयोग नहीं होता। तमाम राज्य सरकारें उपयोगिता प्र ामाण-पत्र, युटिलाइजेशन सर्टिफिकेट भी नहीं भेजतीं। मैं दलितों के नाम पर एक उदाहरण देना चाहूंगा, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फनगर में जो निजी विद्यालय थे, राज्य सरकारों ने उन्हें छात्रवृत्ति दे दी। सरकारी स्कूलों में दलित छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली। मुजफ्फरनगर में 80 हजार दलित छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह गये। उत्तर प्र ादेश में यह हुआ है। जैसा मैंने पहले आपसे निवेदन किया कि सबसे बड़ा सवाल धन आबंटित करने का ही नहीं है, यह देखने का भी है कि हमने जो दौलत राज्य सरकारों को भेजी है, उसका सही इस्तेमाल भी हो रहा है या नहीं हो रहा है। नवीं पंचवर्षीय योजना में हमने दो दलितों के नाम पर विभिन्न राज्यों को दौलत का आबंटन किया, , उसमें से 900 करोड़ रुपये तो खर्च ही नहीं हुए। इसका सीधा मतलब यह है कि जो इन योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगे हैं, उनकी कोई दिलचस्पी दलितों के कल्याण में नहीं है। मैंने आपके मार्फत निवेदन किया, प्रार्थना कीâ€¦ (व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** उपाध्यक्ष जी, मैंने उनसे आग्रह कियाâ€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** अगर ये यील्ड करते हैं तो आप बोलें। क्या आप यील्ड कर रहे हैं?

**श्री रामजीलाल सुमन :** ये कोई काम की बात तो करेंगे नहीं।â€¦ (व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** मैं आपके काम की बात करूंगा। â€¦ (व्यवधान) इतनी देर में तो हमने बात कह दी होती। हम यह कहना चाहते हैं कि यहां दलितों पर अत्याचार की बात चल रही है, लेकिन इस सदन में एक दलित दूसरे दलित पर अत्याचार कर रहा है। रामजीलाल सुमन जी मायावती जी पर इतना हमला कर रहे हैं तो फिर ये किस अत्याचार की बात कर रहे हैं, हम जानना चाहते हैं?

**श्री रामजीलाल सुमन** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं किसी व्यक्ति विशो पर हमला नहीं कर रहा हूं, मैं नीतियों पर हमला कर रहा रहूं। मैं समाजवादी आन्दोलन से आया हूं, इसलिए मेरा जाति में कोई विश्वास नहीं है और प्रभुनाथ सिंह जी, मुझे माफ करें, मैं इस हीनभावना से ग्रसित कभी नहीं रहा। व्यक्ति में अगर योग्यता और क्षमता है तो वह जहां भी रहेगा, अपना स्थान बना लेगा, दुनिया की कोई ताकत उसे रोक नहीं सकती। मैं नीतियों की बात कर रहा हूं और यह कहना कि जाति का आदमी जाति के आदमी का कल्याण कर सकता है, इससे बड़ी गलतफहमी दूसरी कोई नहीं हो सकती।â€¦ (व्यवधान) मैं खत्म कर रहा हूं। डॉ. अम्बेडकर ने विभिन्न धर्मों का अध्ययन किया और अन्त में गौतम बुद्ध के रास्ते को क्यों चुना। गौतम बुद्ध का जन्म तो किसीदलित परिवार में नहीं हुआ था। गौतम बुद्ध तो क्षत्रिय थे, लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने स्वीकार किया कि मानव मुक्ति का रास्ता अगर कहीं है तो बौद्ध धर्म के अलावा कहीं नहीं है। इसलिए प्रभुनाथ सिंह जी, सवाल जाति का नहीं है, सवाल नीति का है। उत्तर प्रदेश में मायावती का एक सूत्री कार्यक्रम सरकार चलाना है, दलितों का कल्याण करना नहीं है, मैं यह निवेदन कर रहा था।

मैं फिर कहना चाहता हूं कि जितने अत्याचार हुए, मैंने आपके सामने आंकड़ों की बात की, मैंने आपके सामने तथ्य गिनाए कि जितने अत्याचार उत्तर प्रदेश मेंदलितों के ऊपर हो रहे हैं, उतने अत्याचार हिन्दुस्तान में किसी भी हिस्से में नहीं हो रहे हैं। जो तथ्य और आंकड़े मैंने आपके सामने प्रस्तुत किये, उनसे इसकी पुटि हो जाती है।

आपने समय दिया, आपको धन्यवाद। â€¦ (व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) :** इस पर लिस्ट में मेरा सैकिण्ड नाम है।â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप जानते हैं कि 193 के डिस्कशन में अगर मूवर के साथ-साथ आपका नाम आने से ही मौका मिलेगा।

**श्री राम विलास पासवान** : हमें कोई आपत्ति नहीं है, यदि आप उनको बुलाना चाहते हैं, लेकिन हमने कहा कि हमारा नाम सैकिण्ड है।â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठिये। प्रोसीजर के मुताबिक आपको मौका मिलेगा, आप इत्मिनान रखिये।

**श्री मुनि लाल (सासाराम) :** उपाध्यक्ष महोदय, आज दलितों के लिए बड़े सम्मान की बात है कि इस सदन में मैं 1996 से हूं और दलित समस्यापर आज हम वार्ता करेंगे और सदन इस पर सहमति जताएगा।

दलितों पर अत्याचार और शोाण की बात अभी रामजी लाल सुमन जी ने कही। उन्होंने विस्तार से बताया कि शोाण का क्वाण्टम क्या है। लेकिन मैं कहता हूं कि दलितों के शोाण का इतिहास कम से कम पांच हजार वाॉ का है, लेकिन इसका आंकड़ा कहीं नहीं मिलेगा। आजादी के बाद भी इसका आंकड़ा कहीं सही-सही नहीं मिलेगा। मैं दलितों पर अत्याचार पर एक शेर से अपना वक्तव्य शुरू करना चाहता हूं:

'जमीं का चप्पा-चप्पा कत्लगाहे आदमियत है,

खुदा महफूज रखे, आये दिन कातिल बदल दे।'

भारत के इतिहास में दलितों पर जुल्म करने वाले कितने कातिल आये और चले गये। कितनी तरह के राज आये और चले गये लेकिन किसी ने भी दलितों पर ध्यान नहीं दिया। भारतवा एक वर्ण व्यवस्था का देश है। वर्ण व्यवस्था जब बनी थी तो उसमें बहुत खूबियां थीं। वर्ण व्यवस्था पूर्णतया व्यवसायी आधार पर बना था, कार्यों के आधार पर बना था। उस समय कार्यों का बंटवारा हुआ और गांव अपने आप में स्वावलम्बी बना। एक ही गांव में चमार जूता बनाता था। कुम्हार बर्तन बनाता था और बढ़ई लकड़ी का काम करता था। इसी आधार पर गांव स्वावलम्बी था। आज हम ग्लोबल विलेज की बात करते हैं। उस वर्ण व्यवस्था में गांव अपने आप में स्वावलम्बी था लेकिन कालांतर में दुर्भाग्य से वह वर्ण व्यवस्था टूट गयी। वर्ण व्यवस्था जाति व्यवस्था में परिणत हो गयी। जब वह जाति व्यवस्था में परिणत हो गयी तो शोाण का इतिहास शुरू हुआ। वर्ण व्यवस्था में चार वर्ण बनाये गये थे जिसमें शूद्र सबसे नीचे रखा गया था। उसे शूद्र कहा गया। आज उसे कोई दलित कहता है तो कोई उसे हरिजन कहता है। इतिहास में इसके बहुत सारे नाम बदले हैं। मैं कहना चाहता हूं कि शूद्रों के साथ भी क्या व्यवहार हुआ ? मैं शूद्र को शूद्र नहीं कहता। यह तीन वर्गों का सेवक शूद्र समाज है। उसने समाज से कुछ लिया नहीं है बल्कि दिया ही है। वह उन सबकी गंदी बस्ती को साफ करता है, उनके कपड़े साफ करता है, जूता बनाता है। उसने समाज की सेवा ही की है। लेकिन उसके साथ क्या बर्ताव किया गया, यह सोचने की बात है। इस समाज ने दलितों के साथ जितना अन्याय किया है, उसका कोई वर्णन नहीं है। किसी भााा के शब्दकोा में कोई शब्द नहीं है जो इस अत्याचार का वर्णन कर सके।

मैं बड़े दुख के साथ इस बात को कहना चाहता हूं कि दलितों पर कई तरह के अत्याचार हुए हैं जैसे सामाजिक अत्याचार, राजनीतिक अत्याचार और आर्थिक अत्याचार आदि। अभी सुमन जी ने कुछ पहलू रखे हैं। उन्होंने उसे बहुत सही ढंग से रखा है। वह दलित हैं और वे इस दर्द से भी पीड़ित हैं। â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन :** मैं दलित ही नहीं, बल्कि इनका रिश्तेदार भी हूं। â€¦ (व्यवधान)

**श्री मुनि लाल :** बड़े प्रिय रिश्तेदार हैं। जंवाई बाबू हैं। â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन :** भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने जानबूझकर इनको चुना है क्योंकि ये मेरे ससुर लगते हैं। इनकी बेटी मेरे छोटे भाई, आई.ए.एस. के साथ ब्याही हुई है। इन्हें जान-बूझकर मेरे खिलाफ खड़ा किया है। â€¦ (व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Mr. Deputy-Speaker, Sir, he was one of the Food Ministers in the Government. He belongs to the Schedule Caste community. This Government did not even allow him to continue!

**श्री मुनि लाल :** उपाध्यक्ष महोदय, दलितों की समस्या पर वह क्या बात करेगा जो स्वयं दलित नहीं है। जो दलित के दर्द को नहीं समझते हैं। "जाके पैर न परे ब वाई, सो क्या जाने पीर पराई।" दलित समाज अत्याचार से भरा पड़ा है। मैं विस्तार से नहीं जाऊंगा क्योंकि हमारे वरिठ नेता श्री राम पासवान जी उस पर बोलेंगे। लेकिन इस जाति का जो शोाण हुआ है, उसके बारे में मैं कहूंगा। आज महिलाओं पर जो अत्याचार हुआ है वह बहुत गंभीर मामला है। इस सदन में कभी किसी ने नहीं उठाया। मैं वर्ण व्यवस्था की बात कर रहा था। आज वर्ण व्यवस्था से पूरा समाज त्रसित है। कोई कितना बड़ा आदमी है लेकिन उसके दिल में कहीं न कहीं जाति बैठी है। हर मौके पर वह जाति उभर आती है।

माननीय सोनिया जी सदन में बैठी हैं। जब इन्होंने कांग्रेस की कमान संभाली थी तो मेरे जैसे व्यक्ति बड़ा खुश हुआ था। इसलिए जाति व्यवस्था से ऊपर एक व्यक्ति इस सदन में है। जब दलितों का नरसंहार जहानाबाद, बिहार में हुआ तब श्रीमती सोनिया गांधी जी वहां गयी थीं। उन्होंने उस सरकार के प्रतिकूल वक्तव्य दिया था। उस समय बड़ी आशा थी कि एक ऐसी नेता हैं जो दलितों की बात को लेकर चल रही हैं लेकिन जहानाबाद से दिल्ली आते-आते श्रीमती सोनिया गांधी जी का भााण बदल गया। वह आशा भी क्षीण हो गयी। वह भााण कैसे बदला, इसके बारे में मैं कुछ कहा नहीं कह सकता लेकिन दलितों के मन में जो आशा जगी थी, वह भी क्षीण हो गयी।

आज जो विपक्ष यहां पर है, कांग्रेस राज 41 वाॉ तक अक्षुण्ण रहा है। दलित समाज ने एकमुश्त होकर कांग्रेस का साथ दिया लेकिन कांग्रेस से उसे क्या मिला ? दलित समाज की एक बैठक में श्रीमती सोनिया जी ने एक वक्तव्य दिया था।

आज सामाजिक शोाण होता है, दलितों पर अत्याचार होता है। दलित महिलाएं खेत-खलिहानों, उद्योग धंधों, ईंट-भट्टों में किस तरह काम करती हैं, किस तरह उनकी इज्जत लूटी जाती है, जब वे थानों में जाती हैं तो थानेदार क्या करता है, यह सर्वविदित है। बिहार में दलितों के साथ क्या होता है, कितने दलितों का नरसंहार हुआ, यह सबको मालूम है।â€¦ (व्यवधान)

**श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) :** आप दलितों का आंकड़ा बताइए। â€¦ (व्यवधान) मैं जानता हूं कि आप दलितों के कितने हिमायती हैं।â€¦ (व्यवधान) इस सरकार में हैं, पूछिए कि कितने मंत्री बनाए गए हैं।â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप सीनियर मैम्बर हैं, आपको मालूम है। आप बैठिए।

â€¦ (व्यवधान)

**श्री मुनि लाल :** समाज से छुआछूत मिटा नहीं है।â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप उनको ऐड्रैस कर रहे हैं, इसलिए सारा गोलमाल हो रहा है।

â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Muni Lall, please address the Chair.

**श्री मुनि लाल :** समाज में छुआछूत एक अभिशाप है। आज देश में हर चौथा व्यक्ति दलित है।â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** यह क्या तमीज़ है, बैठे-बैठे बात करते रहते हैं।

â€¦ (व्यवधान)

**श्री मुनि लाल :** दलित समाज का शोाण बरदाश्त करके भी इस समाज के साथ है और रहेगा। हिन्दुत्व की बात होती है। आज देश में यदि सबसे कट्टर हिन्दू कोई है तो वह दलित समाज है। उसका धर्मांतरण नहीं हुआ। दलित इस समाज का सब तरह का उत्पीड़न सहकर भी आज तक उद्वेलित नहीं हुआ, वह कभी क्रान्ति नहीं लाया। उसने समाज के सभी अत्याचारों को सहन किया। सुमन जी ने जो आंकड़े दिए हैं, वे अधूरे हैं। दलित समाज के लोगों पर कितना अत्याचार होता है, इसका रिकार्ड कहीं नहीं मिलता। अधिकारी आंकड़े दे देते हैं, इससे समस्याओं का निदान नहीं होता। दलितों पर अत्याचार की कहानी सिर्फ सामाजिक ही नहीं है, राजनैतिक भी है। जब देश को आजादी मिली तो दलित लोगों में एक आशा बंधी कि अब उनका उद्धार हो जाएगा, वे भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मैं किसी के पक्ष और विपक्ष में नहीं कह रहा हूं लेकिन दलितों का शोाण जितना राजनैतिक दलों ने किया उतना किसी ने नहीं

* Not Recorded.

किया। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। सर्कस का मालिक शेर रखता है ताकि ऑडियंस देखे। वह उसे उतना खाना ही खिलाता है जितने में वह जिन्दा रह सके। राजनैतिक दल भी दलितों को प्रोजैक्ट करके रखते हैं कि हमारे यहां दलित हैं। राजनैतिक दल दलित नेताओं को उतनी ही पावर देते हैं जितनी में वह पिंजड़ा न तोड़ सके। जब शेर पिंजड़ा तोड़ने लायक होता है तो शेर को गोली मार दी जाती है या जंगल में छोड़ दिया जाता है। इसी तरह जब दलितों का नेता मजबूत बनता है तो उसे दल के लोग किस तरह निकाल कर बाहर कर देते हैं, इसका उदाहरण भीमराव अम्बेडकर और जगजीवन राम जैसे लोग हैं। किस तरह राजनैतिक परिदृश्य हटाए गए। राजनैतिक शोाण होता है और राजनैतिक दल में दल के लोग दलितों को कोई अहमियत नहीं देते।

इसमें राजनीति में इनका नेतृत्व करने वाला कोई पैदा नहीं हुआ। सबसे परेशानी की बात यही है कि इनको सत्ता में भागीदारी नहीं मिलती जिससे ये दलितों का उद्धार करें। इस सदन में राम विलास पासवान जी और रामजी लाल सुमन जी नेतृत्व कर रहे हैं। हमारे यहां भी नेतृत्व करने वाले हैं लेकिन स्वर्गीय जगजीवन राम जी और डा. भीमराव अम्बेडकर जी के व्यक्तित्व जैसा कोई पैदा नहीं हुआ। क्यों? यह एक राजनीतिक ाडयंत्र है, राजनीतिक दलों का ाडयंत्र है। इस बात से इस सदन को जागरूक होना चाहिए। हमारे दलित भाइयों में समझदारी होनी चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन :** उपाध्यक्ष महोदय, इस बहस को ये कितनी गंभारता से ले रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जाता, यदि यहां सदन में प्रधान मंत्री होते, गृह मंत्री होते। मैं नहीं समझता कि वे विाय की गंभीरता को समझते हैं। इतना गंभीर सवाल है।â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** संबंधित मिनिस्टर हैं।

**श्री रामजीलाल सुमन** : प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी कहां हैं? बुलवाइए उनको।â€¦ (व्यवधान)

**श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चीखलीया :उपाध्यक्ष जी, राज्य मंत्री जी बैठे हैं और हम सब गंभीरता से सुन रहे हैं। ऐसे कैसे सुमन जी बोल सकते हैं** ? â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** गृह राज्य मंत्री जी हैं और संबंधित मंत्री भी बैठे हैं।

**श्री मुनि लाल** : दलितों का आर्थिक शोाण भी किस हद तक हुआ है, उसको भी देखिए। â€¦ (व्यवधान)

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अशोक प्रधान) : उपाध्यक्ष जी, सुमन जी भी तो अकेले बैठे हुए हैं। इनके दल के और सदस्य कहां हैं**?â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** प्रधान जी, आप मिनिस्टर हैं।

**श्री मुनि लाल** : जब वर्ण व्यवस्था थी तो उस वक्त दलितों का गांवों में परम्परागत रोजगार धंधा था लेकिन जब वर्ण व्यवस्था टूटी और तकनीकी विकास व वैज्ञानिक विकास देश में हुआ तो वह परम्परागत धंधा खत्म हो गया और गांवों में काम नहीं है। जो दलित 77 प्रतिशत कृाि पर आधारित हैं, उन दलितों के पास आज काम नहीं है। वे कीचड़ में जाकर भी धान बो देते हैं लेकिन जब हार्वेस्टिंग का काम आता है तो हार्वेस्टिंग मशीन से कटिंग की जाती है और उनको कृाि में काम, मजदूरी और ठेकेदारी नहीं मिलती। वे भुखमरी के कगार पर खड़े हैं। सुमन जी ने सरकारी नौकरी में आरक्षण की बात कही है। उदारीकरण की नीति अपनाई गई। उसमें भी आरक्षण समाप्त हो रहा है और जो प्राइवेट कंपनियां आ गईं हैं, उनमें भी आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। मैं सरकार से और प्रधान मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि प्राइवेट कंसर्न में जो एमओयू साइन होता है, उसमे भी क्लॉज लगना चाहिए कि जिस तरह से सरकारी नौकरी में आरक्षण है, उसी तरह से प्राइवेट में भी आरक्षण मिलना चाहिए वर्ना दलितों की स्थिति बद से बदतर हो जाएगी। जब आर्थक शोाण होता है, गरीबी पराकाठा पर है। 56 वाॅ की आजादी के बाद भी 77 प्रतिशत से ज्यादा दलित समाज के लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। उनके बारे में कोई भी सोचता नहीं है। आज दलित समाज केवल वोट-बैंक बना हुआ है। वह मानव समाज नहीं माना जाता। दलितों के बारे में कोई यह नहीं समझता कि ये मानव हैं और इनको भी संरक्षण की जरूरत है। वे समाज के सेवक हैं लेकिन ऐसा नहीं सोचा जाता

और उनका शोाण होता है। इसलिए जब तक दलितों के शोाण को नही रोका जाएगा तब तक दलितों का उद्घार् नहीं हो सकता। दलितों का इस बारीकी तौर से शोाण होता है और जिस पर मुझे एक शेर याद आ रहा है : -

न दामन पर कोई छींट, न खंजर पर कोई दाग,

तुम कत्ल करो हो या करामात करो हो।

यह एक करामात है कि किस तरह से दलित समाज का कत्लेआम किया जाता है। इस समाज को जब तक जनतंत्र में भागीदारी नहीं मिलेगी तब तक दलित समाज का शोाण और तकलीफें दूर नहीं होंगी।

उपाध्यक्ष जी, दलितों के शोाण को रोकने के लिए सरकार द्वारा कुछ कानून बनाए गये हैं। सिविल राइट्स, प्रोटैक्शन ऑफ एट्रोसिटीज ऑल शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड शैड्यूल्ड ट्राइब्ज। लेकिन मेरे ही क्षेत्र के थानेदार को मालूम नहीं है कि इनकी रक्षा के लिए कौनसा एक्ट है, कानून है तो वह कैसे लागू होगा? आज तक किसी भी सरकार ने दलितों के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया है।

" जुल्म सहते हुए इंसानों के मक्तल में, फ़र्दा तसव्वुर से कोई कहां तक बोले।

रेंगते रहने की सजा है जीना, एक दो दिन की अजीयत हो तो कोई सहले"

आंकड़ों पर हम कितना निर्भर करेंगे। मुरैना में जो नवज्योति के साथ जो अत्याचार हुआ, वह आये दिन होता है लेकिन रिपोर्टिंग नहीं होती है। मैं सदन से अपील करुंगा कि इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए और प्रत्येक राजनीतिक दल, दलित शोाण को मुद्दा बनाकर इसको नेस्तनाबूद करने का प्रयत्न करे।

लेकिन जब तक जाति-व्यवस्था रहेगी, दलित शोाण को दूर करना मुश्किल लगता है।

पिछले 56 वाँ में जितनी भी सरकारें आईं, किसी ने दलित शोाण को दूर करने के बारे में नहीं सोचा। उपाध्यक्ष जी, पिछले 10 साल में कुछ सरकारें ऐसी भी आईं जो अपने आप को सामाजिक न्याय वाली सरकारें कहती थीं, लेकिन दलित-हितों पर भारी कुठाराघात हुआ और उच्चतम न्यायालय ने उस पर मुहर लगाई। लेकिन जब दलित संगठनों का दबाव बढ़ा तो दो दिन का सेमिनार पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में हुआ। उसमें माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय उप-प्रधान मंत्री जी भी उपस्थित थे। हमने माननीय प्रधान मंत्री जी से अनुरोध किया कि संविधान में संशोधन करके इस दलित समस्या का निराकरण होना चाहिए और दलितों को आरक्षण मिलना चाहिए। उसी बात को रखते हुए इसी सदन में संविधान में तीन-तीन संशोधन हुए और दलितों का आरक्षण बरकरार रहा। लेकिन जब तक आरक्षण संबंधी नियम बनाकर उन्हें संविधान की नौंवी अनुसूची में नहीं डाला जाएगा, तब तक इस समस्या का निराकरण नहीं होगा। इसके लिए में पक्ष और विपक्ष दोनों से अर्ज करुंगा, नहीं तो यह आरक्षण भविय में रहने वाला नहीं है।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री बनते ही 10 साल के लिए आरक्षण तुरंत बढ़ाया। इसके अतिरिक्त दलित समाज की तरफ से कहा गया कि मुझे मंत्री परिाद से क्यों हटाया गया। मैं कहना चाहता हूं कि अब तक के 56 वाँ में जितनी भी सरकारें आई हैं सबसे ज्यादा दलित मंत्री इस सरकार में हैं।â€¦ (व्यवधान)

**श्री राम प्रसाद सिंह :** मुनि लाल जी, आप विभाग में नहीं जाएं तो भी हम जानते हैं कि आप कैसे हैं, और आप जिस दल में हैं, उसको भी जानते हैं कि वह दल कैसा है।â€¦ (व्यवधान)

**15.00 hrs.**

आपका हिन्दू समाज इनका पोाक है, आप क्या कर रहे हैं?

**उपाध्यक्ष महोदय** : राम प्रसाद सिंह जी, आप सीनियर मैम्बर हैं और खड़े होकर बहुत सी बातें कह रहे हैं। यदि आप यहां इंट्रेस्टेड नहीं हैं तो बाहर जा सकते हैं। आप इस तरह बार-बार घड़ी-घड़ी डिस्टर्ब नहीं कर सकते। श्री मुनी लाल जी, आप चेयर को अड्रेस करके बोलिये।

**श्री मुनि लाल** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रधान मंत्री जी और इस सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने तीन-तीन बार एक दलित महिला को उ.प्र. का मुख्य मंत्री बनाया जो किसी सरकार ने आज तक नहीं किया। यह हमारी सरकार और हमारे प्रधान मंत्री जी और उप प्रधान मंत्री की सोच है। जहां तक कुमारी मायावती का प्रश्न है, उनके बारे में बहुत सी बातें कही जाती हैं लेकिन मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि एक दलित महिला के मुख्य मंत्री बनने के बाद, उस सरकार के काम-काज की प्रक्रिया में कुछ गलतियां हो सकती हैं लेकिन उसकी मंशा गलत नहीं है। वह सताई हुई महिला हैं। यदि आज वह सत्ता मे बैठी हुई हैं तो हम क्यों नहीं उसे सहयोग दें? आज उनका तिरस्कार और उनकी भर्त्सना होती है। यह ठीक नहीं हैâ€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Muni Lall says.

*(Interruptions)**

**श्री मुनि लाल :** उपाध्यक्ष महोदय, कुमारी मायावती दलितों की आवाज है, तूफान है। यदि समाज में दलितों का कल्याण नहीं होगा, समाज को दलितों के शोाण से नहीं बचायेंगे,फिर कितनी ही मायावती पैदा हो जायें, यह समाज जर्जर रहेगाâ€¦ (व्यवधान)

* Not Recorded.

**श्री रामजीलाल सुमन : उपाध्यक्ष जी, इन लोगों ने कुमारी मायावती को उ.प्र. का मुख्य मंत्री बनाया, बहुत-बहुत धन्यवाद लेकिन इनको याद रखना चाहिये कि उ.प्र. में इनका नाम लेने वाला कोई नहीं रहेगाâ€¦** (व्यवधान)

**श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अशोक प्रधान) : ये इस बात की चिन्ता क्यों कर रहे हैं?**

**उपाध्यक्ष महोदय :** सुमन जी, वे यील्ड नहीं कर रहे हैं।

SHRI MUNI LALL : Sir, I am not yielding. माननीय सुमन जी को इस बात का अहसास हो गया है कि बी.जे.पी. ने अपनी पार्टी की कॉस्ट पर एक दलित महिला को उ.प्र. का मुख्य मंत्री बनाया है, दूसरे दल ऐसा क्यों नहीं करते? बी.जे.पी. ने अपने दल का सैक्रिफाइस किया है और एक दलित महिला को सत्ता में

बैठाया है। कुमारी मायावती दलितों की आवाज बन गई हैं। जिस समाज में दलित डोला उठाते थे, आज वहां एक महिला डोली में बैठने लायक बन गई हैं। ये लोग एक महिला को बर्दाश्त नहीं कर रहे हैं। बी.जे.पी. ने एक महिला को बरकरार रखा है। जो लोग कुमारी मायावती के विरोध में बोलते हैं, वे दलितों को सम्मानित नहीं कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं दलितों की गरीबी के बारे में दो-चार शब्द कहना चाहता हूं। जो दलित सब से ज्यादा पिछड़े हैं..

**उपाध्यक्ष महोदय** : अब आप समाप्त कीजिये। आपकी पार्टी के 8-10 लोग हैं। आपको आधा घंटा हो गया है।

**श्री मुनि लाल** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं खत्म कर रहा हूं। जो दलित कृि आधारित कार्यों में मजदूरी करते हैं, आजादी के बाद सरकार भूमि सुधार अधिनियम लाई लेकिन वह भी कारगर सिद्ध नहीं हुआ। राजनीतिज्ञों और ब्यूरोक्रेसी के स्ट्रांग नैक्सस के कारण दलितों को उनकी हिस्सेदारी नहीं मिली है। इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। इस ओर हर दल के लोगों को ध्यान देना चाहिये।

उपाध्यक्ष जी, अंत में यही कहूंगा कि सब हमारे खैरख्वाही थे लेकिन हमारे दामन पर खून के धब्बे हैं। हमने सब की खैरख्वाही की है लेकिन मेरी भलाई नहीं की। इसलिये मैं अर्ज़ करूंगा कि सदन इस पर विचार करे। दलितों का एक अहम मुद्दा है। जब इस पर एक बार चर्चा हो जाती है तो कंट्रोवर्शियल विाय नहीं कहूंगा और न सरकार की भर्त्सना करना चाहता हूं लेकिन मैं नीति की बात कह रहा हूं।

यदि एक भी अक्लियत के आदमी पर अत्याचार होता है तो पूरे देश में कम्पन हो जाता है, सदन थरथराने लगता है। लेकिन हजारों दलित मारे जाते हैं, कोई कम्पन नहीं होता, कोई चर्चा नहीं होती। इसलिए यह जो वर्ण व्यवस्था है, जब तक हम इससे त्राण नहीं पायेंगे, तब तक कुछ नहीं हो सकता।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। अंत मैं यही कहूंगा कि दलितों की समस्या बहुत गंभीर है और मायावती जी जैसी हजारों दलित जब पैदा होंगी, तब इस समाज का क्या हश्र होगा, इसका अंदाजा समाज को लगाना चाहिए। इसी के साथ मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

**श्री राम विलास पासवान :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हं कि आपने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को डिस्कशन के लिए लिया है और मैं समझता हूं कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिसमें हम लोग थोड़ा पार्टी पोलिटिक्स से अलग हटकर कुछ बुनियादी समस्याओं के बारे में बातचीत करें तो ज्यादा लाभदायक होगा, नहीं तो यह मामला भी आरोप-प्रत्यारोपों में खत्म हो जायेगा। पूरे विश्व में डिसक्रिमिनेशंस हैं। पूरे संसार में अलग-अलग प्रकार के डिसक्रिमिनेशंस हैं। आप देखें कि पूरे विश्व में चार प्रकार के डिसक्रिमिनेशंस हैं। एक डिसक्रिमिनेशन रेस के नाम पर है। दूसरा गोरा-काला के नाम पर है। पूरे विश्व में चार तरह के लोग हैं। कोई गोरा है, कोई रंगीन है, जैसे हम लोग हैं, कोई ब्लैक है, कोई मंगोलियन टाइप का है और कोई व्हाइट है। लेकिन जो व्हाइट लोग हैं, वे अपने आपको सुपीरियर मानकर चलते हैं। जैसे इंग्लैंड, अमरीका आदि देशों के लोग हैं। एक डिसक्रिमिनेशन रेस के नाम पर होता है। दूसरा जैन्डर के नाम औरत और मर्द के नाम पर होता है और स्वाभाविक रूप से जो मर्द हैं, वे अपने आपको सुपीरियर समझते हैं। पूरे विश्व में इस मामले में एशियन कंट्रीज थोड़ा प्रोग्रैसिव है। इसमें भारत, बंगलादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान आदि हैं। यहां महिलाएं सर्वोच्च पदों पर पहुंची हैं। लेकिन अमरीका जैसे देश में जहां वार्शिगटन से लेकर बुश तक 70 राट्रपति हुए हैं, वहां एक भी महिला अभी तक राट्रपति नहीं बन पाई है। इसका मतलब है पूरे संसार में पुरुा प्रधान मैन्टेलिटी है, वे लोग राज कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, तीसरा डिसक्रिमिनेशन रिलीजन के नाम पर है। जहां अल्पसंख्यक लोग हैं, वे सशंकित रहते हैं और जो बहुसंख्यक हैं वे अपना वर्चस्व मानकर चलते हैं। हम जिस हिन्दूवाद का नारा भारत में लगाते हैं, हमारे भाई पाठक जी गुजरात से हैं। सबसे ज्यादा गुजरात के लोग विदेश में रहते हैं। लेकिन जो हिन्दू गुजरात में रहते हैं, यदि वहां भी उसी तरीके से गोरे-काले की बात शुरू हो जाए तो उनकी क्या हालत होने लगती है, वह हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं। इसलिए जो डे वलप्ड कंट्रीज हैं, उनका एक अलग नियम होता है।

उपाध्यक्ष महोदय, 11 सितम्बर को जब अमरीका में घटना घटी थी तो उस घटना पर अमरीका के राट्रपति कितने डरे थे। वे दो घंटे तक हवाई जहाज में घूमते रहे। चूंकि वे डरे हुए कि व्हाइट हाउस पर भी हमला हो सकता है। जब वह नीचे आये तो टेलीविजन पर दिखाई दिये और वह बहुत गुस्से मे थे। उन्होंने कहा कि या तो अमरीका रहेगा या टैररिज्म रहेगा। या तो ओसामा बिन लादेन रहेगा या बुश रहेगा। दूसरे शब्दों में उन्होंने यह भी कह दिया कि हमारी लड़ाई ओसामा बिन लादेन से है। हमारी लड़ाई कोई अल्पसंख्यक हिन्दू या मुसलमान से नहीं है। चूंकि वहां हिन्दू-मुसलमान के नाम पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। हमारे मुस्लिम भाई दाढ़ी कटा लें, सब हिन्दू-मुसलमान एक ही हैं। हिन्दू-मुसलमान-सिख से हमारा कुछ मतलब नहीं है। अभी मैं पढ़ रहा था, एक सिख की हत्या हुई, दो महीने के अंदर उसे फांसी दे दी गई। लेकिन लाश नहीं दिखाई गई। किसी टी.वी. पर लाश नहीं दिखाई गई। चूंकि वे इस बात से डरे हुए थे कि कहीं लाश दिखा दी गई तो कहीं गोरे-काले के बीच रॉइट्स हो सकते हैं।

इसी तरह से जो औरत-मर्द, व्हाइट-ब्लैक या रिलीजन का मामला है, उसमें चौथा मामला भारत में हैं या इसके आसपास के देशो में है। दूसरे देशों में अमीर-गरीब हैं, गोरे-काले हैं, लेकिन जाति का जहर भारत में है।

यहां उसका विकृत रूप है। कोई धर्म इससे अछूता नहीं है। हम कितनी ही गाली दे दें कि यह मुसलमान बाबर की औलाद हैं, इनकी औलाद हैं, उनकी औलाद हैं मगर बाबर जब देश में आया था तो देश में कौन राज कर रहा था? इब्राहिम लोदी राज कर रहा था। इब्राहिम लोदी भी मुसलमान था। इब्राहिम लोदी से पहले खिलजी वंश था। खिलजी वंश से पहले तुगलक वंश था। तुगलक वंश से पहले गुलाम वंश था। गुलाम वंश से पहले मोहम्मद गौरी था। यहां कितने मुसलमान लोग आए थे बाबर के साथ? लगभग 1200 लोग आए थे और आज कितने मुसलमान हैं? आज हिन्दुस्तान, बंगलादेश और पाकिस्तान तीनों को मिला दें तो 45 करोड़ मुसलमान हैं। 45 करोड़ मुसलमान 1200 की औलाद नहीं हैं। इसी में से गए हैं। वहां भी हमने देखा है, वहां भी सैयद है, वहां भी अंसारी है, वहां भी सब लोग हैं और इतना ही नहीं, जब जब इस देश में धर्म परिवर्तन की लहर चली है तो सबसे पहले धर्म परिवर्तन में दलित वर्ग के लोग गए हैं और गए हैं तो सम्मान के लिए गए हैं। इस देश में यदि कोई दलित है, पिछड़ा हुआ है, इकोनॉमिकली, सोशली, एजुकेशनली और रिलीजियसली जो सबसे पिछड़े लोग हैं, वही दलित हैं। आज हम इनको दलित कहते हैं। बाबा साहब अंबेडकर ने इनको अनुसूचित जाति और जनजाति का नाम दिया था। गांधी जी उनको हरिजन कहते थे। हरिजन से पहले उनको अछूत कहा जाता था। अछूत का मतलब होता है जिसको कोई छू न सके। जो कहते हैं कि चार वर्ण हैं, मैं कहता हूं कि चार नहीं पांच वर्ण हैं। यदि सिर्फ ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र तक ही रहते तो मामला इतना कठिन नहीं होता, लेकिन शूद्र के बाद भी एक और वर्ण बना जिसको अंत्यज्य कहा गया, जिसे अछूत कहा गया, जिसे कोई छू नहीं सकता है और यह सारी बीमारी की जड़ तब चली जब कह दिया गया कि इनको खाने का अधिकार नहीं है, इनको रहने का अधिकार नहीं है, इनको अच्छा कपड़ा पहनने का अधिकार नहीं है। कुत्ता, बिल्ली और मैना को मारने में जितना पाप लगता है उतना ही शूद्र को मारने में पाप लगता है। यह कोई पार्टी का मामला नहीं है।

राजस्थान में चकबारा में तालाब में पानी पीने के लिए आंदोलन करना पड़ा और फिर दलितों पर अत्याचार हुआ। तमिलनाडु में पेशाब पिलाया गया। चौधरी ओमप्रकाश

चौटाला हमारे साथी हैं। देवीलाल जी हम लोगों के नेता हैं और हरियाणा की एक पृठभूमि रही है। â€¦ (व्यवधान)

DR. V. SAROJA (RASIPURAM): Hon. Deputy-Speaker, Sir, no such incident has taken place in Tamil Nadu. ...(*Interruptions*)

SHRI RAM VILAS PASWAN : I am referring to the newspapers. If you want, I can give you the names of places where it has happened. ...(*Interruptions*) There was an incident on the 5th September, 2002 in Kondampatti village in Dindigul district जहां पेशाब पिलाया गया। On 22nd May, 2002, in Chinnam village, Trichy district में दो दलितों मुरुगेसन और रामास्वामी को पाखाना खाने के लिए मजबूर किया गया। So, please do not say anything like that. I do not want to go into controversies. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ram Vilas Paswan, it would be better if you do not run into controversies. This is a very serious matter.

...(*Interruptions*)

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर)** : तमिलनाडु में सरकार किसकी है?â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आठवले जी, आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है। आप बैठिये।

*(Interruptions) **

**श्री राम विलास पासवान :** मैं किसी सरकार पर आक्षेप नहीं कर रहा हूँ। एक व्यवस्था है और व्यवस्था यह है कि आज जो काम करता है उसकी इज्ज़त नहीं है। जो कम काम करता है उसको ज्यादा पैसा मिलता है, जो ज्यादा काम करता है उसको कम पैसा मिलता है। जो जूता बनाता है, उसके बेटे के पांव में हवाई चप्पल तक नहीं है। जो कपड़ा बनाता है, उसके बेटे के सिर पर कपड़ा नहीं है। जो महल बनाता है, उसके अपने रहने के लिए झोंपड़ी नहीं है। जो सबकी गन्दगी साफ करता है, वह सफाई मजदूर सबसे गंदी जगह रहता है। जो सबको अनाज खिलाता है, उस किसान का बेटा भूखे पेट सो जाता है। रात में वह आता है और माँ से कहता है कि माँ रोटी दो। बिहार में आदिवासी इलाके में चले जाइए। रात में बेटा कहता है कि माँ रोटी दो, तो माँ कहती है कि बेटा कल सवेरे तुमको रोटी मिलेगी। उसके बाद भी जब बच्चा रोना

* Not Recorded

बंद नहीं करता तो बच्चा कहता है कि माँ पेट जल रहा है, कुछ तो रोटी दे दो। माँ कहती है कि बेटा सो

जाओ, कल सवेरे तुमको रोटी मिलेगी। उसके बाद भी वह रोना बंद नहीं करता तो माँ उसको थप्पड़ मार देती है। बच्चा रोते रोते सो जाता है। सवेरे बच्चा माँ से पूछता है कि माँ, मैंने तो रात में तुमसे रोटी मांगी थी, तुमने थप्पड़ क्यों मारा था? माँ के पास उसका कोई जवाब नहीं होता।

उपाध्यक्ष महोदय, हम व्यवस्था से लड़ना चाहते हैं। पार्टी पालिटिक्स इस देश में रहेगी। इस देश को आजाद हुए 52 साल हो गए हैं। यह 52 साल से चलता आ रहा है और आरोप-प्रत्यारोप लगते रहेंगे, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि जब तक सत्ता परिवर्तन के साथ व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई नहीं करेंगे तब तक कुछ होने वाला नहीं है।

श्री ओम प्रकाश चौटाला जी, हमारे नेता हैं। मैं उनका बहुत आदर करता हूं। उन्होंने प्रत्येक मरने वाले दलित को पांच-पांच और दस-दस लाख रुपए दिए। हमारे यहां तो हम दलित के मरने पर एक या दो लाख रुपए तक नहीं दे पाते हैं, वहां हरियाणा में उन्होंने इतनी सहायता की, यह प्रसंसनीय है, लेकिन हरियाणा जैसे राज्य में जहां से स्वामी विवेकानन्द सरस्वती जैसे महान् सन्त ने आर्य समाज की शुरूआत की, आप आर्य समाज की पुस्तकों को पढ़िए, उसमें कितने कठोर शब्दों में लिखा है और कितने सरल शब्दों में कहानियों के माध्यम से स्वामी दयानन्द सरस्वती ने समझाया है कि कैसे एक जाट का बच्चा भूखा रो रहा था और एक पंडित का बच्चा गाय का दूध पी रहा था और किस प्रकार से उन्होंने दलितों की सहायता करने की कथाएं समझाई हैं और यह भी देखिए कि यदि सबसे कम मंदिर किसी धर्म के हैं, तो वे हरियाणा में हैं और वहां पांच दलितों को जिन्दा जला दिया जाता है, यह अपने आप में शर्मनाक घटना है। माननीय मुख्य मंत्री, ओम प्रकाश चौटाला जी ने उन्हें सहारा दिया, इसकी हम प्रशंसा करते हैं। â€¦ (व्यवधान)

**डॉ. जसवन्त सिंह यादव (अलवर) :** आप अपने समाज में देखिए कि अनुसूचित जाति के लोग हरिजनों में शादी नहीं करते और हरिजन, धानकों में और धानक â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ram Vilas Paswan, are you yielding?

SHRI RAM VILAS PASWAN : No, Sir.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Whatever the hon. Member is saying will not go on record and only the speech of Shri Ram Vilas Paswan will go on record.

*(Interruptions)**

* Not Recorded

**श्री राम विलास पासवान :** उपाध्यक्ष महोदय, मुझे समझ में नहीं आता कि माननीय सदस्य ऐसा क्यों कह रहे हैं। मैं तो स्वयं कह रहा हूं कि हमें व्यवस्था से लड़ने की जरूरत है। यह चट्टान है। एक के ऊपर एक चट्टान की तरह चढ़ी हुई व्यवस्था है। जहां कहीं भी इस प्रकार की बात होती है, वहां हमें उससे लड़ने की आवश्यकता है।

मैं मायावती जी की बात कहता हूं। उत्तर प्रदेश में दलितों पर अत्याचार करने पर अत्याचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का एक्ट बना हुआ है। उसे मायावती जी

ने खत्म कर दिया। उनसे पहले जब उत्तर प्रदेश सरकार ने उस एक्ट को समाप्त करना चाहा, तब हम सब इस एक्ट को खत्म नहीं करने के बारे में बोले थे और हम सब एक हो गए थे, लेकिन मायावती जी ने उसे समाप्त कर दिया और अब केवल मर्डर के केसे में ही वह एक्ट प्रभावी होगा। लाल मुनि जी, आपकी सब चीजों को खत्म कर दिया। जो सही चीजें थीं, जिन्हें खत्म किया गया है, उसके खिलाफ बोला जाएगा। मायावती कहती हैं कि मैं दलित महिला हूं, यदि दलित महिलाओं पर एट्रोसिटीज होती हैं, तो मैं देखूंगी। इसका क्या मतलब है। मैं इस कंट्रोवर्सी में नहीं जाना चाहता हूं। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि हमारी लड़ाई व्यवस्था परिवर्तन के बारे में है।

उपाध्यक्ष महोदय, बाबू जगजीवन राम, हमारी पार्टी के नहीं थे। उन्होंने बाद में कांग्रेस पार्टी भी छोड़ दी थी। 6, कृष्णा मैनन मार्ग पर उनके बंगले को उनका स्मारक बनाने का मामला बना। एक मकान देने से आपकी प्रतिठा गिर रही है। आप इसे मूंछ की लड़ाई बनाए हुए हैं। 1990 में माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी, श्रीमती सोनिया गांधी जी, श्री जार्ज फर्नान्डीज आदि सभी नेताओं ने लिखकर दिया कि 6 कृष्णा मैनन मार्ग को बाबू जगजीवन राम जी का स्मारक स्थल बना दिया जाए। जब मैंने अटल जी की चिट्ठी पढ़ी तो मैंने विश्वनाथ प्रताप सिंह जी से उसी समय कहा कि चलो, अब इसे जल्दी खाली करते हैं और मैं 12 जनपथ पर रहने चला गया। 1996 से वह मामला चल रहा है। हर पार्टी के लोगों ने स्पीकर को लिख कर दिया। आपने कह दिया कि हम नहीं छुएंगे, लेकिन 6 कृष्णा मैनन मार्ग स्थित उस बंगले की बिजली काट दी गई, पानी काट दिया गया। वहां कुछ नहीं है। â€¦ (व्यवधान)

**15.19 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav in the Chair)**

सभापति महोदय, इसमें शेम-शेम की बात नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि इस तरह की मनोवृत्ति क्यों बनती जा रही है।

मैं 1977 में पहली बार चुनाव जीत कर आया। नया-नया पहली बार सांसद बनकर आया था। उस समय मैं जितने वोटों से चुनाव जीता था, उतने वोटों से हिन्दुस्तान में तो क्या कोई विश्वभर में नहीं जीता होगा। यदि विश्व में सबसे अधिक वोटों से जीतकर आने का रिकॉर्ड किसी ने बनाया है, तो वह राम विलास पासवान है। उस समय हम लोग ट्रेझरी बैंचों पर बैठते थे। बेलछी की घटना हुई। मैंने सबसे ज्यादा सरकार की मुखालिफत की। मैंने हड्डियों को वहां से बीनकर लाने और यहां सदन पटल पर रखने का काम किया। मैं चाहता, तो मैं भी मंत्री बन जाता, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। उस समय चौधरी साहब हमारे नेता थे, लेकिन उस समय भी हमने दलितों के हित में हड्डियां लाकर सदन के पटल पर रखने का काम किया।

करना चाहिए। ...(व्यवधान) सैंट्रल का भी बताता हूं। मेरे पास दोनों की जानकारी है। आप अधीर न हों तो ज्यादा ठीक होगा। मैं जल्दी में भी पूरा कर सकता हूं। अगर आप चाहें तो मैं इसका जरूर जवाब दे सकता हूं। राज्यों की आबादी का जितना प्रतिशत है, उस अनुपात में अपने बजट में उसका प्रावधान करना चाहिए। मुझे यह कहते हुए कि कुछ राज्यों ने उस अनुपात को पूरा करने का काम किया है और कुछ राज्यों ने उस अनुपात में स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के तहत उतना पैसा खर्च करने का उपाय नहीं किया। अब मैं उन राज्यों का नाम लेकर विवाद खड़ा नहीं करना चाहता जिसके कारण किसी को यह लगे कि इस राज्य का नाम क्यों लिया और उस राज्य का नाम क्यों नहीं लिया।

स्पेशल सैंट्रल असिस्टैंस के बारे में मेरे पास राज्यवार आंकड़ें हैं, उसमें हमने हर प्रदेश को स्पेशल असिस्टैंस देने का काम किया है। इस वर्ा 29 जनवरी तक के आंकड़ें मेरे पास उपलब्ध हैं। हम उस असिस्टैंस के माध्यम से उस गेप को पूरा करने का काम करते हैं। राज्यों का दायित्व है कि अपने यहां पर स्पेशल कम्पोनेंट प्लान बनायें, प्रायः राज्यों में यह होता है कि अनेक ऐसे मंत्रालयों में उसके लिए आइडेंटिफाई करके पैसा रख देते हैं जबकि होना यह चाहिए कि वह पैसा निकालकर अनुसूचित जाति की योजना को लागू करने वाले मंत्रालय को दे दें और उस पर खर्च करने का प्रबन्ध करें। अनेक राज्यों में इस व्यवस्था की जरूरत है। यदि यह व्यवस्था हो जाती है तो उसके माध्यम से राज्यों में अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए ही सारा पैसा होगा अन्यथा अन्य-अन्य विभागों के अंदर वह खर्च किया जाता है और उस हैड में बताया जाता है कि हमने स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के आधार पर उसको खर्च किया है। यहां सारी बातें इसी प्रकार की हैं जिसमें सबको करने के लिए मौका है। हम जानते हैं कि जात बनाने का काम, बात बनाने का काम आदि सब कुछ जजबातों के ऊपर नहीं होता। यह यथार्थ के ऊपर है चूंकि यथार्थ में हम देखते हैं कि इस अंतर को मिटाना चाहिए। इसके लिए हमें कोशिश करनी है। â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से विनम्र प्रार्थना करना चाहता हूं कि यह सवाल एक बार नहीं बल्कि अनेक बार उठाया गया है कि भारत सरकार जो दौलत राज्य सरकारों को भेजती है, उनकी जिम्मेदारी है कि कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए उस धनराशि को खर्च करके विभिन्न राज्यों से तो यूटीलाइजेशन सर्टीफिकेट नहीं आते। दूसरा कभी यह भी देखना को मिलता है कि वह पैसा दूसरी मदों में खर्च किया जाता है। हमने कहा है कि भारत सरकार उन पर निगरानी रखने के लिए कोई तंत्र विकसित करेगा। यह पैसा उन लोगों के पास पहुंच रहा है या नहीं और उसका सही लाभ मिल रहा है या नहीं। आप चाहे तो धन का आबंटन कर रहे हैं लेकिन जो लाभान्वित होने वाला वर्ग है, उनके पास दौलत नहीं पहुंचती तब तक उसकी कोई उपयोगिता नहीं है। मैं आपके माध्यम से जटिया साहब को यह पूछना चाहता हूं कि 900 करोड़ रुपये नौवीं पंचर्वाीय योजना में कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए खर्च होना था, वह नहीं हुआ। उसका क्या कारण है ?

क्या भविय में इस तरह की कोई निगरानी समिति गठित करने वाले हैं, केन्द्र का कोई नियंत्रण रखने वाले हैं जिसकी वजह से धन का दुरुपयोग न हो?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let his intervention be complete. After that if there is any clarification, I will allow that. Shri I.D.Swamy will reply to the debate. In case there is any clarification on this intervention and if the hon. Minister has the details, then I will allow you.

**डॉ. सत्यनारायण जटिया : आप जानते हैं कि यहां से जो सरकारी सहायता रिलीज़ होती है, उसके यूटीलाईजेशन सर्टीफिकेट आते हैं। यदि यूटीलाईजेशन सर्टीफिकेट नहीं आते तो यहां से सहायता को निर्मुक्त करने का काम करने में कठिनाई होती है। हमने प्रदेशवार स्पैशल कम्पोनैंट प्लान के लिए सैंट्रल असिस्टैंस दिया है, यदि आप कहें तो मैं आंकड़े बता सकता हूं कि यूटीलाईजेशन कितना आया।**â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन :** जटिया साहब, सवाल आंकड़ों का नहीं है, सवाल है कि यूटीलाईजेशन सैटीफिकेट नहीं आते। उससे कमजोर वर्गों का नुकसान होता है। आप उस पर नियंत्रण रखने के लिए क्या कर रहे हैं, मेहरबानी करके यह बताएं।

SHRI KODIKUNNIL SURESH : What is the amount that you are releasing to the States?...(*Interruptions*)

**श्री रामजीलाल सुमन :** राज्य सरकारों को पैसा भेजते हैं। राज्य सरकारें उसका इस्तेमाल नहीं करतीं, गरीब लोगों को उसका लाभ नहीं मिलता तो उस पैसे का क्या यूज है। हम सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि राज्य सरकारों पर नियंत्रण रखने के लिए कि राज्य सरकारें उस पैसे का सही इस्तेमाल करें, इसके लिए सरकार कुछ करेगी।â€¦ (व्यवधान)

SHRI DALIT EZHILMALAI : Sir, today we are discussing atrocities on *Dalits.* The hon. Minister was explaining about the welfare measures initiated with regard to education, employment and giving figures about rapes and murders and such other things.

Sir, my simple question is that all these doles and support that he is speaking about is not being given from today these were there even during the time of the Viceroy. The Congress Government followed this and these were given by successive Governments. My specific question is, do you have any innovative programme to assist the people in an honest way, in a transparent manner to arrest the atrocities against the *Dalits* forthwith? Do you have any programme? You please tell us about that.

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is just an intervention. The hon. Minister of State for Home, Shri I.D.Swamy will reply to the debate.

**डॉ. सत्यनारायण जटिया :** हमने पिछले साल राज्य सरकारों के सचिवों के साथ बैठ कर, हम यहां से जो भी सुविधा दे रहे हैं और वे जो काम कर रहे हैं, उसके बारे में लेखा-जोखा लेने का काम किया है। मंत्रालय में इस प्रकार का प्रबंध है। ऐट्रॉसिटीज़ के बारे में भी हमने राज्य सरकारों को लगातार याद दिलाने का काम किया है कि जो कानून बना हुआ है, उसके इम्प्लीमैंटेशन का काम करें। पिछले वर्ा 26 मार्च को, 14 जुलाई को मैंने स्वयं सभी मुख्य मंत्रियों को तथा , 26 अगस्त, 19 सितम्बर, 26 सितम्बर को बाकी के लोगों को हम यह बात याद दिलाते रहते हैं कि जिस प्रकार का अत्याचार हो रहा है, उसे रोकने में आप हमारी सहायता करें। ि वशुद्ध रूप से हम जानते हैं कि किसी भी बात को लागू करने के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच पत्र व्यवहार, चर्चा और विचार-विमर्श एक महत्वपूर्ण माध्यम होता है। हमारी कोशिश है कि हमारे पास जो भी संसाधन हैं या इस बात को लागू करने के लिए जो सुविधाएं उपलब्ध हैं, उनका हम पूरा उपयोग कर रहे हैं। सारी चर्चा में आपने जो सुझाव दिए हैं, मैंने सिलसिलेवार उन्हें भी नोट किया है। हमारी कोशिश होगी कि उन बातों को लागू करने के लिए समय-समय पर और भी क्या उपाय किए जाएं। मैं आपके माध्यम से सारे सदन को निवेदन करना चाहता हूं कि जिस बात से हम सहमत हैं, जो बात हम सबके लिए चिन्ता का विाय है, उस बारे में सामूहिक रूप से, प्रयास करें। मैं चूंकि जानता हूं कि आपके सुझाव आपके अनुभवों के आधार पर हैं। यदि आप उन अनुभवों को कुछ महसूस करते होंगे तो जरूर हम चर्चा के लिए सबको बुला कर, उसमें और क्या किया जा सकता है, उन सारे उपायों को तलाश करने का काम करेंगे। आपने मुझे बीच में इस विाय को

रखने के लिए मौका दिया, मैं आपके और सदन के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Muniyappa, you can ask this question when the hon. Minister of State for Home Affairs gives his reply. The Social Justice Minister has just intervened. The main reply for the debate will be given by the hon. Minister, Shri I.D. Swami.

SHRI KODIKUNNIL SURESH : I want to ask a clarification from the Minister for Social Justice.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can seek the clarification from the hon. Home Minister.

SHRI K.H. MUNIYAPPA : We have submitted some of our points when we spoke on the subject. I want to know from the hon. Minister for Social Justice regarding the starting of new residential schools of the type of Navodaya Schools. What is the Government doing on this? Secondly, some States have not spent the funds properly. They have even diverted the funds elsewhere. You know which are those States. Thirdly, the hon. President, while addressing both Houses of Parliament in the year 2002 mentioned that in 48 districts of the country, less than three to five per cent of Scheduled Castes girls are educated. What steps has the Government taken in this regard?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Minister, you can give the information if you have it.

**डॉ. सत्यनारायण जटिया :** रेजिडेंशियल स्कूल के बारे में जैसा मैंने कहा है कि उसके लिए हमने योजना भेजी हुई है। हम उसकी स्वीकृति की प्रतीक्षा में हैं। गर्ल्स हॉस्टल्स बनाने केलिए हमारी एक योजना है। गर्ल्स स्कूल और हॉस्टल के निर्माण के लिए, मेनटेनेंस करने के लिए हम प्रयासरत हैं। बाकी आपके जो भी प्रश्न होंगे, उनका जवाब देने के लिए मैं तैयार हूं। वह पत्र व्यवहार के माध्यम से भी कर सकते हैं।

**श्री रामानन्द सिंह (सतना)** : उपाध्यक्ष महोदय, बहुत ही गम्भीर विाय पर चर्चा हो रही है. कई माननीय सदस्यों ने देर रात तक इस चर्चा में भाग लिया। मैं इस बात को समझ रहा हूं कि मेरे पास समय कम है। इस समस्या की जो जड़ है, वह हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था है। हिन्दू धर्म में जो वर्ण व्यवस्था और जाति व्यवस्था है, जब तक यह नहीं मिटेगी, तब इस तरह के अत्याचारों का समापन बहुत जल्दी सम्भव नहीं है। यह हजारों सालों से चल रहा है. हमारी ऋाि-मुनियों ने और बहुत से विद्वानों ने इस पर अपने विचार रखे। महात्मा गांधी ने स्वाधीनता आंदोलन मेंâ€¦(व्यवधान) सुमन जी आप सुनिए। मैं बहुत जल्दी समाप्त कर दूंगा।

**श्री रामजी लाल सुमन** : मैं आपको जानता हूं। हम और आप बहतु दिनों तक सोशलिस्ट पार्टी में रहे हैं। आप अब गलत जगह फंस गए। मैं आपकी बात समझता हूं।

**श्री रामानन्द सिंह** : महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम में भोजन कमेटी का अध्यक्ष खंडेराम नाम के एक हरिजन को 1923 में बनाया था। उस समय के समाज की कल्पना करें कि कैसा समाज था। उस समय गांधी जी ने सोच-समझकर कदम उठाया था। महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम के 18 सूत्री कार्यक्रम में समाज परि वर्तन की क्या-क्या आवश्यकताएं देश को आगे चलाने वाली होंगी, यह सोचकर उन्होंने जाति प्रथा को तोड़ने के लिए अस्पृश्यता निवारण, अछूत उद्धार और अंतरजातीय विवाह की बात की थी।

सदन को शायद जानकारी होगी कि सरोजनी नायडू चटोपाध्याय की लड़की थीं। उन्होंने नायडू से शादी की। गांधी जी के बेटे देवदास की शादी चक्रवर्ती राजगोपालाचारी जो ब्राह्मण थे, उनका अंतरजातीय विवाह किया। जब गांधी जी ने कहा कि मैं उस जोड़े को बधाई दूंगा जो प्रतिरोध विवाह करेगा।

तब चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य जी आगे आये और उन्होंने अपनी बेटी लक्ष्मी का विवाह गांधी जी के बेटे से किया। इंदिरा गांधी जी की शादी भी महात्मा गांधी जी के आशीर्वाद से फिरोज गांधी से हुई। सुचेता कृपलानी की आचार्य कृपलानी से हुई।

माननीय मंत्री जी, आप सामाजिक न्याय मंत्री हैं, इसलिए अपनी तरफ से कोई ऐसा एक प्रस्ताव लाएं और राज्यों को सुझाव दें कि वे अंतर-जातीय विवाहों को प्र ोत्साहन दें। जो जोड़े ऐसा करें उनको रोजगार देने की भी व्यवस्था करें, तभी यह समाज आगे बढ़ेगा। मैं पूछना चाहता हूं कि छूआ-छूत और ऊंच-नीच मिटाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? हम हवा में लाठी मार रहे हैं। हम कहते हैं कि इतने स्कूल खोले, इतने छात्रावास खोले। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इनसे सामाजिक व्यवस्था बदलेगी?

उपाध्यक्ष महोदय, यह सही है कि आज भ्रटाचार हो रहा है। माननीय रामविलास पासवान जी ने सही कहा कि दलित लोगों को जिंदा जलाया जा रहा है, उनकी झोंपड़ियां जलाई जा रही हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: This will not go on record.

*(Interruptions)**

**श्री रामानन्द सिंह :** जब राजा-महाराजा और सामंती लोग मुख्यमंत्री होंगे तो सामंती व्यवस्था कैसे मिटेगी। यह ठीक है कि कांग्रेस ने भी बहुत कुछ दलित लोगों के लिए किया है और महाराट्र का मुख्यमंत्री एक दलित है। कांग्रेस ने भी बहुत से सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के लिए काम किये हैं लेकिन कभी-कभी ये स्थितियां

भी आ जाती हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि वे भी दलित वर्ग से हैं और योग्य मंत्रियों में से हैं। बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी ने ऐसा श्रेठ और ऊंचा संविधान बनाया जिसका एक शब्द भी आप इधर से उधर नहीं कर सकते हैं। लेकिन उस जैसे व्यक्ति को 1955-56 में हिंदू धर्म को तिलांजलि देकर बौद्ध धर्म क्यों अपनाना पड़ा, यह सोचने वाली बात है। उन्होंने कहा था कि मैंने यह अनुभव कर लिया है कि हिंदू रहते हुए हमें न्याय और सम्मान नहीं मिलेगा। आज भारत की सामाजिक व्यवस्था में बहुत बड़ा टकराव है। आज दलितों के शिक्षित बच्चे अपमान सहने के लिए तैयार नहीं हैं। इस चुनौती पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

आपको स्मरण होगा कि अंग्रेजों ने हरिजनों को भी अलग स्थान देने की बात की थी। तब गांधी जी ने अनशन किया था और बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने अपनी महानता का परिचय देते हुए उनका अनशन तुड़वाया था और उन्होंने धर्म परिवर्तन करते समय बौद्ध धर्म अंगीकार किया। उन्होंने बहुत बड़ा उपकार हिंदू धर्म पर किया, लेकिन आज भी हिंदू धर्म उनकी महानता को समझ नहीं पा रहा है। आज भाजपा वाले धर्म परिवर्तन को रोक रहे हैं।â€¦(व्यवधान) मैं तो आपका साथी हूं। मैं इसलिए बोल रहा हूं कि आप भी सुधरें और इधर वाले भी सुधरें। बदलाव तभी आयेगा जब अच्छे लोग इधर आयेंगे।

मैंने मैला सिर पर ढोने की प्रथा का अंत करवाने के लिए मध्य प्रदेश में कानून बनवाया।â€¦(व्यवधान) जब मैं वन मंत्री था तो मैंने सिर पर मैला ढोने वालों को व्हील वेरोज, तीन पहियों वाली रेहड़ी, दस्ताने और स्क्रैपर्स दिये थे तथा दसेरों को दो रुपये वाला बांस 20 पैसे में दिया था। मैंने 20 लाख एकड़ जंगल की फालतू जमीन मध्य प्रदेश के दलित लोगों को बांटी थी। हमें यह सोचना होगा कि आज उनकी आर्थिक दशा कैसे सुधरे? आज जमीन पर बड़े-बड़े लोगों का कब्जा है और एससीएसटी के लोग बेकार भटक रहे हैं। जो लोग नौकरी पा गये हैं उनकी हालत तो कुछ ठीक है।

बाकी दलितों की क्या हालत है? वे जली लकड़ी बीन-बीन कर पेट पाल रहे हैं। वे मजदूरी कर रहे हैं लेकिन फिर भी समाज में उनका जीना मुश्किल है। अटल जी की सरकार ने बहुत से कदम उठाए हैं। उन्होंने अनूसूचित जन जाति के लिए अलग से मंत्रालय बनाया। सामाजिक न्याय विभाग को अधिक फंड दिए। उन्होंने मंत्रिमंडल में 11 ऐसे मंत्री रखे। उन्होंने एससी और एसटी के लिए अलग कमीशन बनाया। इन कामों के अलावा समाज परिवर्तन के लिए कबीर की लाइन, दादू की लाइन, धनिया की लाइन, नानक की लाइन और जितने पुराने संत तथा समाज सुधारक हुए हैं, उन्होंने उनके संदेश को अपनाया। अगर हिन्दू धर्म 21वीं सदी में कुत्ते की पूंछ बना रहेगा तो धर्म परिवर्तन का रोना रोने से हिन्दू धर्म का भला नहीं होगा। हम जब तक दलितों को गले नहीं लगाएंगे, ऊंच-नीच का भेद समाप्त नहीं करेंगे, तब तक नया समाज नहीं बनेगा और 21 वीं सदी में आने वाली चुनौती का सामना नहीं कर सकेंगे। इस दिशा में कानून बना कर समाज परिवर्तन की तरफ कदम आगे बढ़ाएं।

**श्री माणिकराव होडल्या गावीत (नन्दुरबार) :** उपाध्यक्ष महोदय, आज कम से कम 6-7 घंटे से देश के दलितों पर हो रहे अन्याय और अत्याचार पर चर्चा चल रही है। देश के दलितों और आदिवासियों पर तीन प्रकार के - सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक अन्याय और अत्याचार होते हैं। सामाजिक अन्याय और अत्याचार के बारे में बहुत से वक्ताओं ने यहां बताया इसलिए मैं उस विाय पर बोल कर ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं। देश के दलितों और आदिवासियों को मानवता की तरह जीने का पूरा अधिकार है और उन्हें जीने दिया जाए, यही मेरी प्रार्थना है।

सामाजिक अत्याचार के बारे में हमारे मित्र राट्रपाल जी और प्रकाश अम्बेडकर जी ने जो विचार रखे, मैं उससे अपने आप को जोड़ता हूं। देश में दलितों और आदिवासियों की आबादी करीबन 30 परसैंट है। मैं भारत सरकार से विनती करता हूं कि उनकी आबादी के हिसाब से बजट में धनराशि का आवंटन होना चाहिए। यहां माननीय मंत्री जी ने जो दलितों और आदिवासियों को शिक्षा देने और सामाजिक सुधार संबंधी आंकड़े दिए। यदि उन्हें इतने बड़े देश के हिसाब से परसैंटेज में गिनें तो 2-3 परसैंट से ज्यादा बजट आवंटन नहीं हो रहा है। कम से कम 30 परसैंट बजट का आवंटन होना चाहिए तभी उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सकती है और मदद हो सकती है।

मेरे क्षेत्र में सरदार सरोवर परियोजना बन रही है लेकिन गुजरात, महाराट्र और मध्य प्रदेश के आदिवासियों के गांव पानी में डूब गए। यह भी एक बहुत बड़ा अन्याय है। सरदार सरोवर प्रोजेक्ट के एवार्ड में लिखा है, उनका पुनर्वास किया जाएगा, उन्हें जमीन दी जाएगी और सिंचाई सुविधाएं दी जाएंगी लेकिन कुछ भी नहीं हो रहा है। एक बहुत बड़ा अन्याय आदिवासियों के ऊपर हो रहा है। इसे भारत सरकार गम्भीरता से ले, यही मेरी प्रार्थना है।

दूसरे, जहां तक आरक्षण का प्रश्न है, वह पूरा नहीं मिल पा रहा है। मैं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति का सदस्य हूं। हमने भारत सरकार और राज्य सरकारों के उपक्रमों में जाकर मीटिंग की है, उनसे भेंट की है लेकिन उनमें हमारा आरक्षण का परसंटेज पूरा नहीं किया जा रहा है। हमने देखा है कि जो बोगस लोग हैं, वे इस परसंटेज का फायदा उठा रहे हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस ओर सरकार को देखने की जरूरत है। जैसा मैंने बताया कि सरदार सरोवर परियोजना में मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराट्र के आदिवासियों की हालत बहुत गम्भीर है। गुजरात राज्य की लाखों हैक्टेयर जमीन को पानी मिलने वाला है। उनके पुनर्वास की जमीन के लिये पानी की व्यवस्था किये जाने की जरूरत है। जब कभी भी मैं यह सवाल उठाता हूं, यह कहकर टाल दिया जाता है कि यह राज्य सरकार का विाय है। मेरा कहना है कि आदिवासियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिये। इसके अलावा शैक्षणिक अत्याचार दलितों पर किया जाता है। भारत सरकार व राज्य सरकार ने मैडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, बड़े बड़े वैटरीनरी कालेज खोले गये हैं जहां एस.सी.एस.टी. का आरक्षण है लेकिन वे स्थान भरे नहीं जाते हैं। यदि यह आरक्षण नहीं दिया जायेगा तो ये लोग कैसे डाक्टर्स, वकील या इंजीनियर्स बनेंगे? इस ओर भारत सरकार के समाज कल्याण विभाग और आदिवासी विभाग को ध्यान देना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय, यहां माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। मेरे पास और भी मुद्दे थे लेकिन समय की कमी के कारण मैं ज्यादा समय नहीं ले पाऊंगा। इसलिये सामाजिक अन्याय अत्याचार,शैक्षणिक अत्याचार और आर्थिक अत्याचार के बारे में भारत सरकार इस ओर ध्यान देगी,यही प्रार्थना है।

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ईश्वर दयाल स्वामी) :** उपाध्यक्ष महोदय, इस बहुत लम्बी चर्चा में 32 माननीय सदस्यों ने भाग लिया। श्री सुमन जी, श्री पासवान जी इस मोशन के मूवर्स थे। मैं इन सब लोगों का आभारी हूं कि इनके बहुत सारे सुझाव आये। डैफिशियंसीज क्या हैं, उसके लिये तवज्जह दी और उसके इम्प्रूवमेंट के लिये काफी सुझाव दिये। मैं यह बात इसलिये कह रहा हूं कि जो इम्प्रेशन था कि शायद सरकार की तरफ से इतनी सीरियसनैस नहीं है, मैंने एक-एक चीज को नोट किया है और हमारे सोशल जस्टिस के मिनिस्टर डॉ. जटिया ने वैलफेयर क्टीविटीज ब्रीफ में बताई हैं। लेकिन मेन मुद्दा एट्रोसिटीज ऑन दलित रहा है। हमारे कांस्टीट्युशन मेकर्स ने पहले ही उसमें प्रोवीजन्स कर दिये थे कि जैसे आर्टिकल 15(2), 17, 25(2बी) हैं, इनमें सेफ गार्ड किया गया था। आर्टिकल 17 को पहले कर दिया कि इसे इंपलीमेंट किया जाये कि इकौनोमिक, सोशल, पौलिटिकल, इन सब चीजों में किस तरह से स्टैप्स लिये गये, लीगल एक्शन क्या लिया जाये, इन सब के संबंध में समय समय पर सभी सरकारें काम करती रही है।

इसके अलावा जो आर्टीकल 330, 332, 335, 338, 339, 341 और 342 वगैरह बहुत सारे ऐसे आर्टीकल्स हैं, जिनमें दलितों, शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के इंटरेस्ट को सेफगार्ड करने के लिए रिजर्वेशन का प्रावधान, सर्विस में प्रोविजन, शेड्यूल्ड ट्राइब्स और शेड्यूल्ड कास्ट्स का नेशनल कमीशन बनाने की बात, ये सब चीजें उसमें आती हैं। उसके बाद जो प्रोटैक्शन ऑफ सिविल राइट्स एक्ट, 1955 में बना था, उसे 1976 में जब अमैन्ड किया तो उसके प्रोविजन्स बहुत ज्यादा स्ट्रिन्जैन्ट बनाये थे और वे ऑफेन्सिज नॉन कम्पाउन्डेबल कर दिये थे और कॉगनिजेबल ऑफेन्सिज कर दिये थे। 1955 का एक्ट था, उसमें उस वक्त कागनिजेबल ऑफेन्स नहीं था। उसके बाद दूसरा शेड्यूल्ड कास्ट्स प्रिवेन्शन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट, 1989 आया, उसमें भी फर्दर स्पेशल कोर्ट्स का, उसके ट्रॉयल ऑफेन्स का और रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन ऑफ दि विक्टिम्स, जिन पर एट्रोसिटीज हुई हैं, उन्हें किस तरह से रिहैबिलिटेट किया जाए, उन्हें क्या-क्या रिलीफ दिये जाएं और उनके

ऑफेन्सिज का जल्दी से निपटारा हो, कन्विक्शन हो सके, उसके लिए भी स्पेशल कोर्ट्स बनाई जाएं, ये सब प्रावधान भी उसमें किये थे।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात आपके ध्यान में जरूर लाना चाहूंगा कि हम यह बात इसलिए नहीं कहते कि टालने के लिए सैन्ट्रल गवर्नमैन्ट यह कहती है, मैंने यह बताया कि यह स्टेट सब्जैक्ट है। लेकिन सैन्ट्रल गवर्नमैन्ट ने भी जितने मैजर्स आज तक लिये हैं, उनमें स्पेशल लॉज का स्ट्रिक्ट इम्पलीमैन्टेशन, समय-समय पर जो चिठ्ठियां जारी की गई हैं, जो एजवाइज राज्य सरकारों को दी गई हैं, आइडैन्टीफिकेशन ऑफ एट्रोसिटीज प्रोन एरियाज, कहां-कहां, कौन-कौन सी स्टेट्स में ऐसे एरियाज हैं, जहां दलितों, बैकवर्ड, शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स पर ज्यादती होने की संभावनाएं ज्यादा हैं, उन एरियाज को आइडेन्टीफाई किया जाए और उन पर और ज्यादा निगरानी रखी जाए और ज्यादा कार्रवाई की जाए, ज्यादा सतर्कता बरती जाए। इन सब चीजों का भी इंतजाम किया गया। शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स और दलितों के परिवारों में से ज्यादा लोग पुलिस में भरती हों, इसके बारे में भी बार-बार इम्फैसाइज किया गया। रिजर्वेशन तो है, लेकिन राज्य सरकारों को बार-बार चेताया गया है कि आप इसके बारे में ध्यान दे कि कोई पोस्टें बाकी न रहें। माननीय सदस्यों को यह बात पता है कि इस सरकार ने यह निश्चित किया कि शो को कैरी फॉरवर्ड करें। पहले एक वक्त था जब दलितों के लिए जो पोस्ट्स होती थीं, अगर वे उसके लिए समझते थे कि पूरे लोग उपलब्ध नहीं हैं तो वे एक या दो दफा ट्राई करने के बाद जनरल कैटेगरी में चली जाती थीं। लेकिन अब यह निश्चित तौर पर तय कर दिया गया है कि वे पोस्ट्स उनकी ही रहेंगी। अगर एक दफा में वे नहीं भरी जाती हैं तो वे अगली साल भरी जाएं, इसका भी इंतजाम किया गया है।

उपाध्यक्ष महोदय, दलितों और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के खिलाफ जो जुर्म होते हैं, उनके लिए स्पेशल सैल्स बनाये जाएं। ताकि वे सैल्स इस बात की तरफ खास ध्यान दें, स्पेशल कोर्ट्स बनाई जाएं। शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स को एम्पॉवर करने की जितनी भी डेवलपमैन्ट की स्कीम्स या प्रोग्राम्स हैं, उनकी इम्पलीमैन्टेशन का खास ध्यान रखा जाए। शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लिए अलग मिनिस्ट्री सैट अप की गई हैं और इसके अलावा नेशनल कमीशन फॉर शेड्यूल्ड कास्ट्स बनाया गया है। पहले यह नेशनल कमीशन फॉर शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स था। अब एक बिल मूव किया गया है, वह बिल इंट्रोड्यूस हो चुका है, जो स्टैंडिंग कमेटी में चला गया है। उसमें शेड्यूल्ड ट्राइब्स का कमीशन सैपरेट बनाया गया है और इस तरह से शैड्यूल्ड ट्राइब्स का अलग कमीशन हो जाए और शेड्यूल्ड कास्ट्स का अलग कमीशन रहे। शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स को इकोनोमिक डेवलपमैन्ट के लिए फाइनैन्स डेवलपमैन्ट कारपोरेशन का भी प्रावधान किया गया है। स्पेशल कम्पोनैन्ट प्लान का जिक्र जटिया जी ने भी किया और श्री प्रवीण राट्रपाल जी बार-बार कह रहे थे कि उसके लिए कुछ नहीं किया गया। मैं यही उसके बारे में बता दूं कि र्वा 2000-2001 में 5641.61 करोड़ रुपये अलग-अलग राज्यों को दिये गये हैं, इस काम के लिए ईयरमार्क किये गये हैं।

उसमें टोटल 9332 करोड़ रुपया बनता था स्पेशल कंपोनेन्ट। उसमें से 5641 खर्च हुआ। सुमन जी का बार बार आग्रह था कि इसकी मॉनीटरिंग की व्यवस्था की जाए। इसके लिए मैं बताना चाहता हूँ और जटिया जी ने भी उसका जिक्र किया। यह जो स्पेशल कंपोनेन्ट है, इसकी मॉनीटरिंग न सिर्फ सेन्ट्रल मिनिस्ट्री जटिया जी की बल्कि प्लानिंग कमीशन भी करता है और नेशनल कमीशन फॉर शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड शैड्यूल्ड ट्राइब्ज भी करता है। एक बात जरूर की गई जिसको हमें जरूर मानना पड़ेगा कि जो शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड ट्राइब्ज कमीशन्स की रिपोर्ट आती रही हैं, इसकी तरफ भी ज़िक्र आया है, चर्चा आई कि 1998-99 की तो रिपोर्ट और एक्शन टेकन रिपोर्ट संसद के सामने आई है मगर उसके बाद की रिपोर्ट्स में डिले है। उसकी तरफ भी ध्यान दिया जाएगा यह मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूँ।

हमने क्या क्या रैमिडियल मीज़र्स लिये हैं और स्पेशल सैल कहां कहां बने इसकी ओर भी ध्यान दिलाया गया। ध्यान दिलाने के बाद सवाल यह आता है कि चिट्ठियां लिखने और मॉनीटरिंग करने का असर हुआ या नहीं। उसके लिए मैं बताना चाहता हूँ कि स्पेशल सैल 17 स्टेट्स में आलरेडी बने हुए हैं और 10 स्टेट्स में स्पेशल कोर्ट्स सैटअप हुई हैं और 8 स्टेट्स में आइडेन्टिफाइ की गई हैं जो एटरोसिटीज़ प्रोन एरियाज़ हैं। यह नहीं है कि मॉनीटरिंग के बाद, एडवाइस देने के बाद कार्य नहीं हुआ है। कार्य होता है और मीटिंग्ज़ की जाती हैं और उसके नतीजे के तौर पर यह प्रोग्रैस हुई है।

जहां तक इंस्टीट्यूशनल मैकेनिज्म है, शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज को ज्यादा स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स दोनों कार्य कर रहे हैं जिसका ज़िक्र उन्होंने ब्रीफली किया है। शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड ट्राइब्ज़ के प्रैजेन्ट फॉर्म में एक नेशनल कमीशन बना था और उसके बाद नैशनल शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड ट्राब्ज़ फाइनेन्शियल डैवलपमेंट कार्पोरेशन बना और यह कार्पोरेशन भी जो एग्रीकल्चर, एलाइड सर्विसेज़, स्पेशल एरिया प्रोग्राम, ईरीगेशन, फ्लड कंट्रोल, पावर डैवलपमेंट के लिए जो ग्रांट और लोन्स देती है, वह भी 25 स्टेट्स में ये कार्पोरेशन बने हुए हैं। 73वां संविधान संशोधन जो हुआ था, उसमें पंचायतों में शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड ट्राइब्ज़ के लिए रिज़र्वेशन किया गया था, यह भी एक इंप्रूवमेंट उसमें हुआ था। इन सबके होते हुए कई बार यह ध्यान आता है और जब कई सदस्यों ने इस बात का ज़िक्र किया कि ये एट्रोसिटीज़ बढ़ रही हैं तो मैं एक पर्टिकुलर फिगर की तरफ आपका ध्यान दिलाऊंगा कि परसेंटेज ऑफ आई.पी.सी. क्राइम्स जो शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड शैड्यूल्ड ट्राइब्ज़ के खिलाफ हुए हैं, पिछले दस साल में 1991 से 2001 तक मैंने आंकड़े लिये, उसमें भारत की जनता का 16-17 प्रतिशत शैड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्ज़ हैं, उसमें 1.0 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ वह क्राइम हुआ या जिन पर एट्रोसिटीज़ हुईं। इसी तरह से जहां शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड ट्राइब्ज़ का ताल्लुक है, वहां 0.20 परसेंट है। हालांकि उनकी पॉपुलेशन हमारे भारत में 1 प्रतिशत है लेकिन जहां तक उनके खिलाफ जुर्म या एट्रोसिटीज़ का ताल्लुक है, वह 0.02 प्रतिशत है।

झज्झर का ज़िक्र माननीय सदस्यों ने किया। चूँकि मैं भी हरियाणा से आता हूँ। वैसे तो कैप्टन साहब ने उसके बारे में स्पट किया था, वे सदन में नहीं हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि उस हादसे में मैंने एक वक्तव्य भी दिया था और उस पर दोनों हाउसेस में क्लैरीफिकेशन भी दिया था। उसमें एक बात देखने वाली, सोचने वाली और समझने वाली यह है कि दुर्भाग्य से आल आफ ए सडन, यदि इस प्रकार के हादसे बदकिस्मती से हो जाएं, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात थी, तो उसके बारे में ऐसा नहीं सोचा जाना चाहिए कि कोई यह काम जानबूझकर कराया गया है। यह ठीक है कि गलती उनकी है। वे पांच लोग खालें लेकर आ रहे थे। उनमें से किसी एक ने रास्ते में से मरी हुई गऊ सस्ते में ले ली और उन्होंने सड़क के किनारे ही उस गाय की खाल छीलने का काम शुरू कर दिया। यदि वे यह काम कहीं दूर भी कर रहे होते, तो ऐसा नहीं होता, लेकिन मैन सड़क के किनारे यह काम शुरू कर दिया। मैं इस बारे में सारी बात क्लीयर कर दूंगा, कुछ छिपाउंगा नहीं।

उपाध्यक्ष महोदय, उसमे देखने वाली बात यह है कि हमारा वहां एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट खुद दलित कम्युनिटी से था, वहां का एस.डी.एम. दलित कम्युनिटी का था, वहां का डिप्टी कमिश्नर दलित कम्युनिटी का था, वहां का कमिश्नर भी बाई चांस दलित कम्युनिटी का था। जो दलित कम्युनिटी के कमिश्नर थे, उनसे इसकी इन्वेस्टीगेशन कराई। उनकी अध्यक्षता में एक इन्क्वायरी कमीशन बनाया था। उन्होंने पूरी रिपोर्ट दी। हरियाणा शादय पूरे देश में ऐसी पहली स्टेट होगी, जहां किसी कमीशन की कोई रिपोर्ट आई और उसे इन टोटो एक्सैप्ट किया गया। यह पहली दफा हरियाणा में हुआ। जितने भी आफीसर्स गुनेहगार थे या जिनकी नैगलीजेंस की वजह से घटना हुई, इंटैंशन की वजह से नहीं, करप्शन की वजह से नहीं, पैसा लेने की वजह से नहीं, बल्कि नैगलीजैंस की वजह से कि उन्होंने समय पर डिस्ट्रिक्ट अथौरिटीज को इन्फार्म नहीं किया, और फोर्स आ सकती थी, लेकिन उन्होंने उसे लाइटली लिया, केजुअली लिया। वे यह एसपैक्ट नहीं कर पाए कि दशहरे का दिन है, लोग आ रहे हैं, अगर भड़काव हो गया, तो स्थिति काबू से बाहर हो जाएगी, क्योंकि इस तरह की रियूमर फैल चुकी है, इसलिए लोग ज्यादा भड़क सकते हैं, और वहां सारे लोग इकट्ठे हो जाएंगे, यह वे एंटीसिपेट नहीं कर सके। फिर भी उनको चार्जशीट करना, उनको सस्पेंड करना। यह सब कार्रवाई तुरन्त की गई।

उपाध्यक्ष महोदय, सरकार ने दस-दस लाख रुपए मृतकों के परिवारों को दिया। नॉर्मली 10 लाख रुपए कोई स्टेट नहीं देती है, लेकिन हरियाणा स्टेट ने दिया। मैं खुद इस प्रकार के एक पीड़ित परिवार में गया। हमारे यहां का, यानी करनाल का भी एक व्यक्ति था। मैं उसके घर पर गया। यह बात ठीक है कि मरने वाला वापस तो नहीं आ सकता, लेकिन जो कुछ कार्रवाई की गई, उससे उन्होंने संतोा व्यक्त किया कि वाकई सरकार ने तुरन्त कार्रवाई की है और ठीक कार्रवाई की है।

सिर्फ इतना ही नहीं है, बल्कि उसमें जो मुलजिम पकड़े गए हैं, जिनमें शुरू में 10 आदमियों ने पहले उन्हें छुड़ाया, वे भी उस भीड़ में थे, उनमें चार दलित थे। अब

आप स्वयं सोचिए कि दलित थोड़े ही किसी दूसरे दलित को मारेगा, लेकिन यह गलतफहमी हुई। आल आफ ए सडन, स्पोंटेनियसली, ऐसे हालत बन गए थे। वहां सारी स्टेट में दलित या गैर-दलित का कोई झगड़ा नहीं है। वहां ऐसे कोई हालात नहीं हैं। वहं कोई ऐसा एनवायरमेंट नहीं है, ऐसा वातावरण नहीं है। यहां इसलिए इसका जिक्र किया गया क्योंकि इसका जिक्र कई माननीय सदस्यों ने इस सदन में अपने भााणों में किया था।

मैं समझता हूं कि जो इकनौमिकली और सोश्यली एक्सप्लायटेशन की बात है और उसे समाप्त करने तथा समरसता पैदा करने की बात है, वह समरसता की बात तो इस सब कार्रवाई के बावजूद भी, तभी आएगी, जब समाज खुद आगे आकर समरसता करने की कोशिश करेगा। समाज का जो उत्तरदायित्व है, समाज का जो धर्म है, समाज की जो जिम्मेदारियां हैं, आप और हम सब समाज, उसके लिए विचार करेगा तब वह बनेगा। सरकार जो कार्य कर सकती है, वह कर रही है। उसके नतीजे जैसा मैंने कोट किया, वे अच्छे निकल रहे हैं। वे मैंने सिर्फ इसलिए कोट किए हैं कि आजादी मिलने के बाद ऐसे हालात बने हैं, कांस्टीट्यूशन एमेंडमेंट के बाद, तमाम लॉ पास करने के बाद, नए-नए कदम उठाने के बाद, शेड्यूल्ड कास्ट्स कमीशन बनने के बाद और उनकी पैरवी करने के बाद, ऐसे हालत देश में जरूर बने हैं कि हालात बेहतर हुए हैं, हालात अच्छे हुए हैं।

एट्रोसिटीज की जो अब भी मिसालें आती हैं या जो वाकये होते हैं, उनको सख्ती से दबाया जाता है, तभी तो एट्रोसिटीज प्रोन एरिया, जहां ज्यादा वलनरेबल लोग हैं, उनको अलग से आइडेंटीफाई कर के, उन पर अच्छी तरह से नजर रखने सबंधी सारी कार्रवाई की गई है।

मैं यह समझता हूं कि यदि इसके साथ-साथ यदि सदन, यहां सभी बुद्धिजीवी हैं, सदन के माननीय सदस्यों का ताल्लुक ओपीनियन मेकर से है, उनका ताल्लुक सोश्यल रिफार्मर से है, उनका ताल्लुक सोश्यल लीडर से है, समाज के नेताओं से है, अपने-अपने हल्के में अगर वे भी उन्हें इस बात के लिए तैयार करें कि समरसता का वातावरण इस देश में बने, तो मैं समझता हूं कि हमारी इस समस्या का बिल्कुल निदान हो जाएगा। यह समस्या बिल्कुल खत्म हो जाएगी।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारा ऐसा देश, 100 करोड़ लोगों का देश, एक महान् 5 हजार साल के इतिहास का देश, राम और कृण का देश, गुरू नानक, गुरू गोविन्द का देश, ऋायों और मुनियों का देश, एक महान् संस्कृति का देश, बाल्मीकि एवं रवि दास का देश है। कौन कहता है कि हम भगवान को नहीं मानते, हम तो सबको भग वान मानकर चलने वाले लोग हैं। इन भगवानों, इन सन्यासियों, तपस्वियों, गुरुओं, ऋायों, मुनियों का देश, महान संस्कृति, 5000 साल पुरानी हमारी संस्कृति, 100 करोड़ का देश, पूरी तरह से आगे तरक्की कर सकता है।

बशर्ते कि हम सब लोग अपने-अपने हल्के में ऐसे लोगों को, जो ओपिनियन मेकर्स हैं, समाज में अगवा हैं, उनके दिमाग में ये बातें डालीं कि उनका भी एक धर्म, उत्तरदायित्व और जिम्मेदारी है, वे उन्हें निभाएं। सरकार अपनी तरफ से इसमें कोई कमी नहीं रखेगी। मैं एक बार फिर उन सभी माननीय सदस्यों का धन्यावाद करता हूं, जिन्होंने इसमें पार्टिसिपेट किया है। उन्होंने जो सुझाव दिए हैं और कमियां निकालने की बात की है, उन सब को हमने नोट किया है, उन पर ध्यान दिया जाएगा और यह भी कोशिश की जाएगी कि जो कमीशन की रिपोर्ट्स हैं वे जल्दी एक्शन टेकन के बाद पार्लियामेंट में आएं।

**श्रीमती संतोा चौधरी (फिल्लौर) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहती हूं, आपने अभी अपने जवाब में कहा था कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बच्चों के लिए पुलिस में भर्ती के लिए आपने राज्य सरकारों को आदेश दिए हैं, जो मापदंड भर्ती में आम बच्चों के लिए निर्धारित हैं, क्या वही अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए है या उसमें इनके लिए कुछ छूट दी है। ये गरीब बच्चे हैं, इनके पास इतने खान-पान के साधन नहीं होते। अक्सर देखने में आता है कि इन्हें रिजेक्ट कर दिया जाता है, जब फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट होता है।

**श्री ईश्वर दयाल स्वामी :** इनके बारे में मेरी जानकारी के मुताबिक यह है कि अलग-अलग सर्विसेस में, जैसे पैरा मिलिट्री या पुलिस सर्विसेस हैं, इनमें फिजिकल टेस्ट और रिटन एग्ज़ाम होता है। रिटन एग्ज़ाम में छूट नहीं है लेकिन फिजिकल में छूट दी जाती है, न सिर्फ माप-तोल में फिजिकल में छूट दी जाती है बल्कि इनके जो एफिशिएंसी टेस्ट होते हैं, उनमें भी एससी, एसटी के लिए छूट है।

SHRI K.H. MUNIYAPPA : Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would like to seek two clarifications. There are a number of atrocities on Scheduled Castes during the last three years. What are the steps taken by the Union Government and the Home Ministry so far to prevent these atrocities? Have you called the Chief Ministers and the Home Ministers of the States to discuss this matter?

DOPT Memorandums were issued and withdrawn. I thank the Government and all the political parties for passing the Ninety-second Constitution (Amendment) Bill. Thereafter, it has not been implemented. It is on record. I want to know from the Minister whether you have issued a Circular or Order to the Chief Secretaries of the State Governments to implement these five DOPT Memoranda which have been issued.

Thirdly, there is a backlog, and lakhs of vacancies are yet to be filled up in the Union Government. What are the steps taken by the Union Government to fill up those vacancies?

SHRI I.D. SWAMI: About the DOPT's Office Memoranda which were issued, ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIYAPPA : Five Office Memoranda were issued. ...(*Interruptions*)

SHRI I.D. SWAMI: Yes, this has also been discussed. â€¦ (*Interruptions*) Well, we have taken note of it. But those which have been withdrawn, the instructions must have gone to the States. I do not have ready information. If not, we will ensure that the instructions go.

This Government has gone to the extent of rescinding the Supreme Court judgement regarding reservation in promotion. This has also been done by this Government though there was a lot of resentment from the other side also because very junior people, because of the reservation, become senior to those who joined earlier to them. Despite that, keeping in view the social status and the sufferings which this particular section has been going through, this has been done by amending the Constitution. ...(*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIYAPPA : I thanked the Government for that but it has not been implemented. That is the point. ...(*Interruptions*)

**23.00 hrs.**

SHRI I.D. SWAMI: So far as your third question, what have I done so far, is concerned, I have already enumerated what has been done so far. But every year, it has been made an annual feature to hold the conferences of the Directors-General of Police and the Chief Secretaries of the States. The conference of Chief Ministers is also held. All these issues, along with many other issues of internal security, etc., are discussed there, and the attention of the officers is focussed on this.

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, I want to seek two clarifications. There is a long-pending demand for setting up of the special courts to try cases of atrocities on *Dalits.* What is the reaction of the Government of India?

The second one is, in the para-military forces like the CRPF, BSF and CISF, the representation of the *Dalits* is very less. I would like to know whether the Government of the day has considered to hold a special recruitment drive for the *Dalit* youth.

SHRI I.D. SWAMI: So far as the special courts are concerned, I have already said that exclusive special courts have already been established in 10 States.

SHRI KODIKUNNIL SURESH : What about the other States? In my State, there is no special court.

SHRI I.D. SWAMI: We are pursuing the matter with the other States.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is pursuing the matter in the other States.

SHRI DALIT EZHILMALAI : It should be insisted and he did not do that.

SHRI I.D. SWAMI: We are not only pursuing it bilaterally but also, as you know, under the existing Constitutional constraints and under the existing scheme of the Constitution of India, under the Constitutional and federal set-up, we cannot go beyond a particular limit. We are observing that limit, but we are certainly pursuing the matter.

SHRI DALIT EZHILMALAI : I want to know about the setting up of the special courts to try the cases. The Prevention of Atrocities on Scheduled Caste and Scheduled Tribe Act is certainly within the jurisdiction of the Union Government. It can instruct the State Governments to set up the court or to nominate a particular court in such and such time. The mechanism is to be suggested by this Union Government. It depends upon the nature of the cases, and the hon. Minister was referring to that. These are not the new things that are happening for the last three or four years. This has been in vogue for several years now.

MR. DEPUTY-SPEAKER: What is your clarification?

SHRI DALIT EZHILMALAI : There are 32 States in the country. According to the Minister, it is only in 10 States that the special courts have been set up and they are already existing. They propose to set up the special courts in eight other States. But the atrocities on *Dalits* are rampant, widespread and they are happening everywhere. Therefore, is there any mechanism, is there any direction, or is there any idea from the Union Government?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Dalit Ezhilmalai, what he says is that there are certain limits within which they are pursuing the cases.

SHRI I.D. SWAMI: Mr. Deputy-Speaker, Sir, 137 exclusive special courts have been set up in the States. So far as the other States are concerned, all the State Governments, except the State of Arunachal Pradesh, Mizoram and Nagaland which are predominantly tribal area States, have notified the existing courts of session judge as special courts for the trial of offences under the Prevention of Atrocities on Scheduled Caste and Scheduled Tribe Act, 1989.

SHRI DALIT EZHILMALAI : Mr. Deputy-Speaker, Sir, those were all done during the days of Shri Sitaram Kesri when he was in the Ministry of Welfare.

SHRI I.D. SWAMI: I am not saying that we have done it only yesterday. We are saying that this has been done so far by the Central Government.

SHRI DALIT EZHILMALAI : This is my appeal to the hon. Minister. How many courts have been set up during this present regime? How many States are still expected to set up their own courts? What is the idea or mechanism from the Union Government to set up the special court when a woman is raped, when a group murder has taken place or when displacement is an ongoing affair? ...(*Interruptions*) So, this is an honest statement from the Government. So, I am so grateful to the hon. Minister.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He will send all these details to you.

SHRI DALIT EZHILMALAI : Thank you, Mr. Deputy-Speaker, Sir. I agree with you. I am grateful to the hon. Minister as well. At least, for the last three or four years, there was no activity with regard to the setting up of the special courts, particularly to try the cases. He was referring to the old courts and the information that was already available.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He was referring to up-to-date information. Am I correct?

SHRI I.D. SWAMI: You are right.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Dalit Ezhilmalai, he has stated it in his reply. You did not hear him fully.

Mr. Minister, whatever information he has asked, you can send it to him if you do not have it now.

SHRI I.D. SWAMI: Yes, Sir.

SHRI DALIT EZHILMALAI : Hon. Deputy-Speaker, Sir, I was asking about the mechanism. Is there any new methodology that they have adopted or any new innovative system that they have worked out so far? That was my question. Whatever he has said are being done from the olden times. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do you have any methodology adopted to expedite the setting up of these courts?

SHRI I.D. SWAMI: Sir, the only methodology is that we can draw the attention of the State Governments to the provisions of the Act and advise them on the necessity for setting up of special courts. We will do that. ...(*Interruptions*)

**श्री रामजीलाल सुमन :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने तमाम चीजों की जानकारी दी। मेरा कहना है कि सरकार की अच्छी इच्छा होने के बावजूद भी प्र ामोशन में रिजर्वेशन आदि तमाम बातों में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में मामले लंबित हैं। हमने आपसे कई बार आग्रह किया है कि अदालत में सरकार की तरफ से ठीक पैरवी हो, उसके लिए कानून मंत्रालय, कार्मिक मंत्रालय, जटिया साहब के मंत्रालय और गृह मंत्रालय आदि इन सब मंत्रालयों के सक्षम अधिकारियों की अगर कोई टीम बन जाये जो यह देखना सुनिश्चित करे कि विभिन्न अदालतों में अनुसूचित जाति-जनजाति के हकों के खिलाफ, इंटरैस्ट के खिलाफ मुकदमे चल रहे हैं, उनकी अच्छी पैरवी हो।

मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या उनका इस प्रकार का कोई तंत्र विकसित करने का इरादा है ? दूसरा मुझे यह निवेदन करना है कि हिन्दुस्तान में महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महापुरुशों के जन्म शताब्दी समारोह एक र्वा तक चले बने जबकि डा. भीम राव अम्बेडकर का जन्म शताब्दी समारोह तीन र्वा तक चला। आप मुझे इसके बारे में मत बताइये। उस समय जन्म शताब्दी समारोह समिति ने काम किया। उसके साथ-साथ विभिन्न वियों पर जैसे शिक्षा, आरक्षण, भूमि सुधार आदि अन्य वियों पर काम करने के लिए विभिन्न उपसमितियां भी बनाई गयीं। उन्होंने अपनी जो संस्तुतियां दी, उसे भारत सरकार ने स्वीकार किया। कैबिनेट ने भी फैसला लिया था कि इन सब संस्तुतियों को पूरा करने का काम भारत सरकार करेगी। इसके साथ-साथ 150 संसद सदस्यों ने भी लिखकर दिया था कि डा. भीम राव अम्बेडकर जन्म शताब्दी समारोह समिति की जो उपसमितियां बनी हैं, उन उपसमितियों की संस्तुतियों को सरकार माने। इस बारे में सरकार का कमिटमैंट था।

मैं आपकी मार्फत मंत्री जी से दो बातें जानना चाहूंगा कि अदालत में ठीक ढंग से पैरवी हो, उसके लिए क्या सरकार कोई उच्च स्तरीय समिति बनाने का इरादा रखती है और डा. भीम राव अम्बेडकर जन्म शताब्दी समारोह समिति के समय बनायी गयी उप समितियों की संस्तुतियां आने के बाद जो कमिटमैंट गवर्नमैंट ऑफ इंडिया ने किया था जिसके बारे में कैबिनेट में डिसीजन भी हुआ था, उसको सरकार लागू करने में क्यों देरी कर रही है ?

**श्री आई.डी. स्वामी :** आपने जो सुझाव दिया कि डिपार्मैंटल आफिसर्स की एक समिति बनाई जाये, तो वह अच्छा सुझाव है। हम इस पर पूरी तरह से गौर करेंगे, कंसीडर करेंगे, विचार करेंगे। लेकिन मैं आपको बता दूं कि जो इम्प्रेशन है कि कन्वैंशन नहीं होता या ट्रायल नहीं होता, ऐसी बात नहीं है। मेरे पास चार-पांच साल के आंकड़े हैं। 1998-99-2000 में आई.पी. â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन :** आप हमें आंकड़े मत बताइये। â€¦ (व्यवधान)

**श्री आई.डी. स्वामी :** आपका सुझाव तो हमने मान लिया है। â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपने जो प्रश्न पूछा है, उसके उत्तर में वे आंकड़ें बता रहे हैं।

...(व्यवधान)

**श्री रामजीलाल सुमन** : यह आंकड़ों की बात नहीं है। 9 दिसम्बर को झज्जर में स्वामी जी ने अपने बयान में कहा था कि अनुसूचित जाति-जनजाति पर होने वाले अत्याचारों में कमी आई है। यहां जटिया साहब बैठे हैं। उनका बयान इसी संसद में हुआ था। उस समय जटिया साहब ने स्वीकार किया था कि दलित अत्याचारों में इजाफा हुआ है। इसलिए पुराने आंकड़ों की बात छोड़ दीजिए। आप आगे क्या करना चाहते हैं, उसके बारे में बताइये। â€¦ (व्यवधान)

**श्री आई.डी. स्वामी :** आपने जो सुझाव दिया, उसके बारे में मैंने पहले कहा कि वह अच्छा सुझाव है। उस पर पूरा विचार किया जायेगा और जल्दी विचार किया जायेगा। यह मैंने आपको पहले भी कहा है। मैं आंकड़ें इसलिए बता रहा हूं कि 41 परसेंट, 25 परसेंट, 48 परसेंट कन्वैंशन भी होता है। जब वह समिति नहीं बनी थी तब भी लीगल आफिसर उन केसेज की पैरवी करने के लिए लगाये गये। यह नहीं होता कि कोई कन्वैंशन ही न हो। मेरे पास आंकड़ें है जिसमें 41.8 परसेंट, 26 परसेंट, 39 परसेंट आदि अलग-अलग सालों में होते रहे हैं।

SHRI KODIKUNNIL SURESH : What about the special recruitment of paramilitary forces?

SHRI I.D. SWAMI: I have already told about it.

MR. DEPUTY SPEAKER : The house now stands adjourned till 11.00 a.m. tomorrow.

**23.10 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Thursday, March 13, 2003/Phalguna 22, 1924 (Saka).*

-----------